* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



छत्तीसगढ़ में एक साथ 210 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण


* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 142 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



# नामांकन के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

## अब तक कुल 13 उम्मीदवारों ने मसौढ़ी से किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के आखिरी दिन मसौढी में आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल कराया है और अब तक कुल 13 उम्मीदवारों ने मसौढ़ी विधानसभा में चुनाव को लेकर नामांकन पर्चा दाखिल किया है। नामांकन के अंतिम दिन सामान्य प्रेक्षक पटेल धवल कीर्ति कुमार भी एसडीएम कक्षा में नामांकन का जायजा लेने के लिए पहुंचे। गौरतलब है की नामांकन के आखिरी दिन नामांकन पर्चा दाखिल करने वालों में जनसुरज पार्टी से राजेश्वर मांझी, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी से राम इकबाल रविदास और इसके अलावा रवि प्रकाश (मुखिया), जगत पासवान निर्दलीय, श्रीकांत कुमार निर्दलीय, सूरज कुमार निर्दलीय, इंद्रदेव पासवान निर्दलीय से नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वहीं इससे पहले एनडीए से अरुण मांझी, महागठबंधन से रेखा देवी, रजनी देवी निर्दलीय, विजेंद्र पासवान, रामजी रविदास निर्दलीय आदि ने नामांकन करवाया है। 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा कार्य एवं 20 अक्टूबर को नाम वापसी का अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। आगामी 6 नवंबर को मतदान होना है और 14 नवंबर को मतगणना होगी, जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। मसौढ़ी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र के लिए 3,25643 मतदाता हैं जो अपने विधानसभा क्षेत्र की सरकार बनाएंगे।

# पालीगंज में नामांकन के अंतिम दिन उमड़ा जन सैलाब, 16 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 में शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन अनुमंडल कार्यालय में जनसैलाब उमड़ पड़ा। नामांकन के अंतिम दिन कुल 16 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया। अब तक कुल 29 उम्मीदवारों ने पालीगंज से नामांकन किया है। जन सुराज पार्टी से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ श्यामनंदन शर्मा और एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी सुनील यादव ने भी शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों की भारी भीड़ अनुमंडल कार्यालय पहुंची, जिससे माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया। नामांकन के दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी पार्टी से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार से है। वे शिक्षा और रोजगार में सुधार लाकर बिहार में परिवर्तन की लहर लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की स्थिति सुधारना उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं, एनडीए उम्मीदवार सुनील यादव ने कहा कि वे एनडीए की नीतियों से प्रेरित होकर हमेशा जनता के हित में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि बिना किसी पद पर रहते हुए भी उन्होंने क्षेत्र में जल संकट के समय क्षेत्र में टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था कराई थी। सुनील यादव ने कहा कि जीतने के बाद भी वे जनता के बीच बने रहेंगे और जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। पालीगंज में आगामी 6 नवंबर को मतदान होना है, जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू हुई थी। कुल 30 लोगों ने एनआर कटवाए तथा विभिन्न दलों या निर्दलीय 28 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया एक व्यक्ति ने दो बार नामांकन दाखिल किया है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सशस्त्र बलों ने किया फ्लैग मार्च, भयमुक्त मतदान की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जहानाबाद जिले के टेहटा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया गया। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के कोहरा, सेरथुआ, देवकली, सरेन सहित विभिन्न गांव में पुलिस पदाधिकारीओ ने फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसका उद्देश्य है कि आम लोग भय मुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। साथ ही उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान भी चलाया गया हैं। जिसमें वाहनों की डिक्की, बैग, इत्यादि की जांच की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलता रहेगा साथ शांतिपूर्ण तथा भय मुक्त चुनाव कराना पहली प्राथमिकता

# पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने बक्सर विधानसभा क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** बिहार विधानसभा चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने बक्सर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद किला मैदान, बक्सर में आयोजित भव्य आशीर्वाद सभा में हजारों की संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। नामांकन और सभा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, बक्सर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप दूबे, वर्षा पांडेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन जैसवाल, रंजन तिवारी, शिवजी खेमका, बैकुंठ शर्मा, हम (से.) जिलाध्यक्ष बलिराम कुशवाहा, रालोमो जिलाध्यक्ष विंध्याचल सिंह कुशवाहा, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह यादव, लोजपा (रा.) जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, सहित सभी घटक दलों के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए आनंद मिश्रा ने कहा कि बक्सर सेवा, समर्पण और संघर्ष की धरती रही है। बक्सर की जनता ने हमेशा ईमानदारी और सेवा को सम्मान दिया है। यह चुनाव मैं बक्सर के सुनहरे भविष्य के लिए लड़ रहा हूँ। जनता के आशीर्वाद से बक्सर को विकास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के नए आयामों पर आगे ले जाऊँगा। इस अवसर पर अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम ने कहा कि भाजपा ने बक्सर में एक ऐसे उम्मीदवार को उतारा है, जिनकी पहचान ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण के लिए है। बक्सर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन ने कहा कि आनंद मिश्रा जैसे कर्मठ और जनता के प्रति जवाबदेह व्यक्ति का राजनीति में आना बक्सर के लिए सौभाग्य की बात है। मौके पर एनडीए के हजारों समर्थक मौजूद रहे।

## किसान पार्टी के पंकज पाण्डेय ने किया बक्सर सदर से नामांकन

**बक्सर।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में किसान पार्टी के उम्मीदवार पंकज कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को सदर विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पंकज पाण्डेय के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रहे। उन्होंने जुलूस के रूप में नामांकन स्थल तक पहुंचकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। पाण्डेय ने नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि बक्सर की धरती पर किसान आज भी उपेक्षित है। हमारी पार्टी का उद्देश्य है कि किसानों को उनका हक दिलाया जाए, युवाओं को रोजगार मिले और भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन स्थापित हो। पंकज कुमार पाण्डेय पिछले कुछ वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और बक्सर क्षेत्र में अपनी सादगी व जनसेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उनके अनुसार, किसान पार्टी किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता में रखकर एक नया राजनीतिक विकल्प देने के लिए मैदान में उतरी है। चुनाव प्रचार की तैयारियों को लेकर उन्होंने बताया कि वे गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और जनता से सीधा संवाद करेंगे। बक्सर सदर सीट पर इस बार मुकाबला रोचक माना जा रहा है।

# मसौढ़ी में महिलाओं ने दीप जलाकर मतदान की ली शपथ, कहा वोट सबसे जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव को एक उत्सव के रूप में जिला प्रशासन द्वारा गांव से लेकर शहर तक मतदाताओं के बीच उत्साह बढ़ाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्विप के जरिए आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदीयों, विकास मित्र एवं अन्य कई विभागों के द्वारा लगातार कई कार्यक्रम का आयोजन करते हुए मतदाताओं को आगामी 6 नवंबर को वोटिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार की शाम को मसौढ़ी में दीए जलाकर मतदान की शपथ ली है। दरअसल बताया जा रहा है कि इन दोनों दीपों का पर्व दीपावली को देखते हुए गांव में महिलाओं ने एकजुट होकर सभी महिला एक-एक कैंडल अपने हाथों से जलाते हुए दीपावली मनाते हूए मतदान की शपथ ली है। इसके अलावा अपने आसपास के रहने वाली महिलाओं को, एवं नई नवेली दुल्हन को और युवा वोटरों को वोट के लिए जागरुक कर रहे हैं। इसके साथ ही नारा लगा रहे हैं कि पहले मतदान उसके बाद जलपान, वोट देने जाना है वोट जैसा कुछ नहीं है इसके अलावा कई जगहों पर कई कार्यक्रम किया जा रहे हैं निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि स्विप के जरिए मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड में जीविका दीदी एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा नॉक द डोर, चलो बूथ की ओर.. रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि कई कार्यक्रम करके मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके।

# राजपुर (सु.) से एनडीए प्रत्याशी संतोष कुमार निराला ने भरा नामांकन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** 202 राजपुर (सुरक्षित) विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह जनता दल यूनाइटेड की ओर से चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। नामांकन के अवसर पर श्री निराला सुबह 10:30 बजे अपने आवास से रवाना हुए। पी.पी. रोड होते हुए उन्होंने भव्य जुलूस के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। माहौल उत्साहपूर्ण और जोश से भरपूर रहा। नामांकन समारोह के बाद एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन धनसोई स्थित गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया, जहां एनडीए कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और आम जनता ने श्री निराला का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए जनता से विकास और सेवा के नाम पर समर्थन मांगा। श्री निराला ने कहा कि राजपुर की जनता ने हमेशा मेरा साथ दिया है। क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए मैं हमेशा तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा। एनडीए की नीतियां ही बिहार के विकास की असली दिशा तय करेंगी। नामांकन और सभा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरा क्षेत्र एनडीए के झंडों, पोस्टरों और नारों से गूंज उठा।

# महागठबंधन के प्रत्याशी ने किया नामांकन

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि बक्सर विधानसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी और राजपुर विधानसभा से विश्वनाथ राम ने बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुमंडल कार्यालय में अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिसमें डॉ. मनोज पांडे स्वयं मौजूद रहे। नामांकन के बाद ऐतिहासिक आईटीआई फील्ड में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव ने की, जबकि मंच संचालन बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पांडे ने कहा कि हम पिछले 10 वर्षों से बक्सर की जनता की सेवा कर रहे हैं।

**देशी कट्टा व कारतूस के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार : आरा।** केंद्रीय सुरक्षा बल और कृष्णागढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना पर तीन बदमाशो को पकड़ लिया। कानूनी प्रक्रिया पुरी कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा कि सूचना मिलते ही शनिवार रात तीन बदमाशों को हरवे हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों में बलुआ पंचायत के टोला अचरज लाल गांव निवासी रितेश यादव उर्फ लल्लू यादव, मुकुल यादव, केवटिया निवासी हरिद्वार यादव उर्फ बनवारी है। पकड़े गये आरोपितों के पास से दो देशी कट्टा समेत 6 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बताया जा रहा कि रितेश यादव गजराजगंज थाना क्षेत्र में एक हत्याकांड का नामजद और वांटेड अपराधी है। इसके अलावे वह कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र में शराब तस्करी मामले में भी फरार था। तीनों पहले भी आर्म्स एक्ट और अपहरण जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि पकड़े गये आरोपितो पर हत्या, आर्म्स एक्ट, शराब समेत गंभीर धाराओं में विभिन्न थाना में 5-6 एफआईआर दर्ज है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **95, काँटी**
Name of the candidate : **इसराइल मंसुरी**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** आदर्श आचार संहिता उलंघन **2.** सरकारी काम में बाधा |
| | b. | Case no. | **(1)** कर्जा थाना (मुजफ्फरपुर) काण्ड सं. 106/2015, G.R. No - 1002340/2015, धारा 3(i) सरकारी सम्पत्ती विरूपण की अधिनियम, **(2)** काँटी थाना का. सं. 552/17, 3084/17, धारा - 147, 149, 341, 188, 353, 431, 290,291 IPC |
| | c. | Name of the Court | **(1)** ACGM-01 मुजफ्फरपुर **(2)** ACGM-01 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** नहीं **(2)** नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | पूर्व में मंत्री रहने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **110, बड़हड़िया**
Name of the candidate : **अरूण कुमार गुप्ता**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** सूचक के साथ अभ्यर्थी द्वारा पैसा लेकर मनमुताबिक समान नहीं देना, तथा मारपीट करना। **2.** वादी द्वारा अभ्यर्थी के उपर मारपीट का मुकदमा। |
| | b. | Case no. | **(1)** मैरवा थाना कांड संख्या - 238/14 विचारण वाद संख्या - 628/25, धारा - 420, 406, 341, 325, 504/34 भा.द.वि. **(2)** परिवाद पत्र सं. 357/2022 विचारण वाद संख्या - 246/25, धारा - 325, 506/34 भा.द.वि. |
| | c. | Name of the Court | **(1)** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिवान **(2)** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - अष्टम, सिवान |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** नहीं **(2)** नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** लागू नहीं **(2)** लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट हैं। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**

★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

★ रजि. नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक : 142 ★ पृष्ठ : 12 ★ औरंगाबाद, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



गुजरात में नए मंत्रियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी धनतेरस की बधाई एवं शुभकामनाएं

पटना(नबिटा ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को धनतेरस की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रदेश एवं देशवासियों पर महालक्ष्मी की कृपा बनी रहे। प्रदेश में सुख, शांति एवं समृद्धि आये। प्रदेशवासी पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से धनतेरस पर्व को मनायें। बिहार प्रगति के शिखर पर पहुँचे।

### मुकेश सहनी नहीं लड़ेंगे बिहार का विधानसभा चुनाव

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा के लिए चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही सीट शेयरिंग का पेंच महागठबंधन में गहराता जा रहा है। इस बीच वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। सहनी गौड़ा बौराम विधानसभा से अपने भाई संतोष सहनी के नामांकन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने घोषणा करते हुए कहा वह इस बार विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन महागठबंधन की सरकार कैसे बने, इसके लिए जोर-शोर से मेहनत करेंगे।

### चुनाव ड्यूटी पर आए जवान की मौत

समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)। वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर में चुनाव ड्यूटी को लेकर जम्मू कश्मीर से आए आरपीएफ के एएसआई की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे खानपुर थाना क्षेत्र के मसीना उच्च विद्यालय में चुनाव ड्यूटी पर तैनात थे। उनकी पहचान जम्मू कश्मीर के बारामूला जिला के अबला के अब्दुल हमीद गांगी (54 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार जवान कुछ दिन पहले ही जम्मू कश्मीर से चुनाव ड्यूटी के लिए समस्तीपुर पहुंचे थे। उन्हें जिले के वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र में तैनात किया गया था।

### बिजली का करंट लगने से पति-पत्नी की मौत

शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)। जिले के कसार थाना क्षेत्र के जंगली बिगहा गांव में बीती रात एक दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत हो गई। दोनों धान की फसल की सिंचाई के लिए खेत जा रहे थे तभी उन्हें 11 हजार वोल्ट के टूटे बिजली के तार का करंट लगा। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय नूनूलाल चौहान और उनकी 38 वर्षीय पत्नी पूनम देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# एनडीए को मिलेगी ऐतिहासिक जीत : अमित शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की है। शुक्रवार सुबह 10:57 बजे सीएम नीतीश से मुलाकात करने पटना के अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। करीब 18 मिनट बाद दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इसके बाद गृह मंत्री एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह छपरा के तरैया के लिए निकल गए। वहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। पटना में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में इस बार एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए कहा कि चाहे केंद्र में हो या राज्य में, लालू यादव जहां भी सत्ता में रहे, वहां जमकर भ्रष्टाचार किया। 21वीं सदी में बिहार की जनता कभी भी लालू यादव का जंगलराज वापस नहीं लाएगी। लालू यादव को रोड, पुल, पानी, आवास पर चर्चा करना शोभा नहीं देता, उन्हें केवल अपने जंगलराज, अपहरण, फिरौती, वसूली पर चर्चा करनी चाहिए। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने बिहार चुनाव की तैयारी, प्रचार प्रसार समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि आगामी चुनाव को लेकर यह मुलाकात हुई। एनडीए में सबकुछ ठीक है। सबलोग एकजुट हैं। हमलोगों को जनता ने आशीर्वाद दिया है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद यह बात साफ हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह से एक चैनल पर दिए गए इंटरव्यू के दौरान एक सवाल पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है। बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका फैसला विधायक दल के नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे।

## जदयू स्टार प्रचारकों की सूची में नीतीश कुमार समेत 40 नेताओं के नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जदयू ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित 40 लोगों को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। जिन 40 लोगों को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है उनमें जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, नीतीश मंत्रिमंडल के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, अशोक चौधरी व श्रवण कुमार भी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा व आफाक अहमद भी स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। सरयू राय, सांसद कौशलेंद्र कुमार, देवेशचंद्र ठाकुर, दिलेश्वर कामत, दिनेश चंद्र यादव, लवली आनंद, रामप्रीत मंडल व डा.आलोक कुमार सुमन को भी स्टार प्रचारकों की सूची में भी जगह मिली है। हाल में ही जदयू में शामिल हुए जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार भी जदयू के स्टार प्रचारक होंगे। इनके अतिरिक्त हर्षवर्धन सिंह को भी इस सूची में जगह मिली है। राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य सुनील कुमार व मदन सहनी भी स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। जदयू विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, संजय सिंह, नीरज कुमार, खालिद अनवर, रवींद्र प्रसाद सिंह व रीना यादव को भी स्टार प्रचारकों की सूची में जगह मिली है। जदयू के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में इंजीनियर सुनील कुमार, चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, कहकशां परवीन, राम कुमार शर्मा, रमेश कुशवाहा, मो. नेमतुल्लाह, चंदन कुमार सिंह, भारती मेहता व डॉ. श्वेता विश्वास का भी नाम है।

## फरार कुख्यात नक्सली औरंगाबाद से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एसटीएफ और पटना पुलिस की एक संयुक्त टीम ने औरंगाबाद जिले से एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान सत्येंद्र दास के रूप में हुई है। गिरफ्तारी 2019 के एक मामले से संबंधित है। उस समय, पटना के पालीगंज अनुमंडल के खीरीमोर थाना क्षेत्र के कोडियारा गांव में सड़क निर्माण कंपनी के मालिक से नक्सली संगठनों ने रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगी कई मशीनों को आग के हवाले कर दिया था। सड़क निर्माण कंपनी के मालिक विवेक सिंह ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने तब से इस मामले में लगातार कार्रवाई की है और अब तक एक दर्जन से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 2019 में कोडियारा गांव में सड़क निर्माण के दौरान नक्सलियों ने पर्चे चिपकाकर धमकी दी थी और रंगदारी मांगी थी। उन्होंने पुष्टि की कि एसटीएफ और खीरीमोर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फरार कुख्यात नक्सली सत्येंद्र दास को औरंगाबाद से पकड़ा गया है। जांच में पता चला है कि सत्येंद्र दास के खिलाफ खीरीमोर और कई अन्य थानों में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें वह फरार चल रहा था।

## बिहार में मोर्चा संभालेंगे राहुल-प्रियंका समेत 40 प्रचारक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले सीटों के विवादों में फंसी कांग्रेस ने पहले चरण के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार के लिए स्टार कैंपेनरों के नाम जारी कर दिए। कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस की सरकार वाले कई राज्यों के मुख्यमंत्री-उप मुख्यमंत्री भी चुनाव का मोर्चा संभालेंगे। पार्टी के अनुसार प्रचार के लिए केसी वेणुगोपाल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, चरणजीत सिंह चन्नी गौरव गगोई, तारिक अनवर, मोहम्मद जावेद, अखिलेश प्रसाद सिंह, मनोज राम, अलका लांबा कन्हैया कुमार जैसे दिग्गज उतरेंगे। पार्टी के अनुसार पवन खेड़ा, इमरान प्रतापगढ़ी, शकील अहमद, जीतू पटवारी, सुखदेव भगत, राजेश कुमार राम, अजय राय, जिग्नेश मेवाणी, रंजीत रंजन, पप्पू यादव, अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, फुरकान अंसारी, उदय भानु चिब और झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय के नाम शामिल हैं।

### भाकपा माले के 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे मैदान में

माले की ओर से प्रचारकों की सूची शुक्रवार को जारी की गई। इनमें पश्चिम बंगाल, झारखंड, आसाम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के नेताओं के नाम शामिल हैं। माले के मुताबिक, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, विधान पार्षद शशि यादव, स्वदेश भट्टाचार्य, मीना तिवारी, श्याम चन्द्र चौधरी उर्फ कुणाल, धीरेन्द्र झा, अमर सिंह, राजाराम सिंह, सुदामा प्रसाद, मंजू प्रकाश, जनार्दन प्रसाद, कमलेश शर्मा, नेयाज अहमद, विनोद सिंह, हलधर महतो, चन्द्रदेव महतो, विजय विद्रोही, राजेश सहनी, अतुल दिघे और जीवन सुरडे को स्टार प्रचार बनाया गया है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर के ठिकानों पर निगरानी का छापा

पटना(नबिटा ब्यूरो)। आय से अधिक संपत्ति से जुड़े एक मामले में निगरानी ब्यूरो ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार के पटना के दो ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। छापामारी के दौरान निगरानी की टीम ने आरोपित इंजीनियर के ठिकानों से 7.56 लाख नकद के अलावा विभिन्न बैंकों की पांच पासबुक, जमीन में निवेश के 10 डीड के अलावा एक टाटा नेक्सन कार बरामद की है। निगरानी ब्यूरो की नजर अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार पर लंबे समय से थी। इनके बारे में यह जानकारी सामने आई थी कि इन्होंने पद का दुरुपयोग कर एक करोड़ 12 लाख 58 हजार रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित की है। जो इंजीनियर के आय के कुल स्रोत से 44.38 प्रतिशत अधिक है। जानकारी मिलने के बाद निगरानी ने इंजीनियर पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कोर्ट से तलाशी की अनुमति मांगी। इसके बाद शुक्रवार को निगरानी की टीम ने पटना में दो ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। छापामारी के दौरान इंजीनियर संजीव के ठिकानों से साढ़े सात लाख से अधिक नकद, विभिन्न बैंकों की पांच पासबुक, 10 जमीन के मूल डीड, विभिन्न म्युचुअल फंड, शेयर में निवेश के दस्तावेज, पीएनबी की कंकड़बाग शाखा में एक लाकर के अलावा एक टाटा नेक्सन कार बरामद की है।

## सरकारी शिक्षकों के लिए प्रोजेक्ट बेस्ड ट्रेनिंग अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए प्रोजेक्ट बेस्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम अनिवार्य किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण चरणबद्ध ढंग से सभी शिक्षकों को दिया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर राज्यस्तरीय कार्यशाला में कई जिलों को जानकारी दी गई। राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) तथा बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपी) के नेतृत्व में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम को मास्टर ट्रेनर तैयार किया जा रहा है। सूबे के मधेपुरा, लखीसराय, कैमूर, भोजपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, बेगूसराय, अरवल, दरभंगा, गया, मुंगेर और रोहतास जिलों के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया और तीन माह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। एससीईआरटी के उप निदेशक संजय कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग शिक्षकों के लिए एक सशक्त मंच है, जो विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक जीवंत, रचनात्मक और अनुभवात्मक बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के साथ मिलकर सीखने, खोजने और नए समाधान विकसित करने की दिशा में प्रेरित करना भी है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज बिहार के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी प्रोजेक्ट और माडल के माध्यम से विज्ञान को समझ रहे हैं और अपनी जिज्ञासा के बल पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। बीईपी के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी शाहिद मोबिन ने विभिन्न जिला तकनीकी समूहों के सदस्यों एवं जिला शिक्षक समन्वयकों के साथ तीन माह की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

## राजद उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे 40 दिग्गज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव प्रचार के पहले चरण के नामांकन का आज आखिरी दिन है। इसके साथ ही सभी पार्टियां चुनाव के धुआंधार प्रचार में जोर-शोर से जुट गई है। इसी कड़ी में बीजेपी, कांग्रेस के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट निर्वाचन आयोग को सौंप दी है। राजद की लिस्ट में कुल 40 नाम है, जिसमें पार्टी के कई नेता जैसे लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव के अलावा रोहिणी आचार्य और सिवान के पूर्व सांसद रहे मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब भी शामिल हैं। राजद के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में मीसा भारती, शिव चंद्रराम, कांति सिंह, मंगनी लाल मंडल, अब्दुलबारी सिद्दिकी, अली असरफ फातमी, महबूब अली कैसर, सुरेन्द्र प्रताप यादव, अशोक कुमार पाण्डेय, मनोज झा, मुकुन्द सिंह, रोहिणी आचार्या, तनवीर हसन, अशोक कुमार सिंह, रिंकू यादव, कार्तिकेय सिंह, साधु पासवान, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी और उमेश पंडित के नाम शामिल हैं। वहीं स्टार प्रचारकों की सूची में अर्जुन राय, डाक्टर प्रेमचंद गुप्ता, अभय कुशवाह, सुधाकर सिंह, सुनील कुमार, उर्मिला ठाकुर, मोहम्मद कारी सोहैब, अनिल कुमार सहनी, मुकेश तांती, फूलहसन अंसारी, सुखदेव पासवान, राजेश मांझी, बिजेन्द्र यादव, मुन्नी रजक, राजेश यादव, सैयद फैसल अली और विनोद श्रीवास्तव के भी नाम शामिल हैं।

## औरंगाबाद में धनतेरस की रौनक, सजा बाजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय और आसपास के बाजारों में धनतेरस पर्व को लेकर रौनक बढ़ गई है। सोना, चांदी, बर्तन और मिठाई की दुकानें ग्राहकों के स्वागत के लिए सज-धज कर तैयार हैं। बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। जिले के सभी बाजारों की सभी दुकानें आकर्षक ढंग से सजाई गई हैं। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अस्थायी स्टॉल लगाए हैं। एलईडी और रंग-बिरंगी लाइटों से बाजारों की शोभा बढ़ गई है। धनतेरस पर सोना, चांदी, बर्तन, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। सर्राफा व्यापारी धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। सोने का भाव अधिक होने के कारण छोटे आभूषण तैयार किए गए हैं, जबकि दीपावली में चांदी के सिक्कों की मांग अधिक है। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। मिठाई विक्रेता बबन गुप्ता के अनुसार, ग्राहकों की पसंद के गुड़ के लड्डू, मुख्खल और बर्फी सहित अन्य तरह की मिठाइयां तैयार की गई हैं। महंगाई के बावजूद अच्छी बिक्री की उम्मीद है। आचार्य कुंदन पाठक ने बताया कि मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान इसी दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। यही कारण है कि लोग इस दिन खरीदारी को बेहद शुभ मानते हैं। बाजारों में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थाना पुलिस द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में खरीदारी सुनिश्चित करने के लिए बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### धनतेरस पर ओबरा में होगी जमकर खरीदारी

शनिवार को मनाए जाने वाले धनतेरस पर्व को लेकर ओबरा बाजार पूरी तरह सजा हुआ है। बाजार की रौनक देखने लायक है। बर्तन, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की दुकानों पर विशेष सजावट की गई है। हर ओर दीपावली की उत्सवधर्मिता और खरीदारी का उत्साह दिखाई दे रहा है। धनतेरस पर परंपरागत रूप से बर्तन, सोना-चांदी, सिक्के और नई वस्तुओं की खरीद को शुभ माना जाता है। इस अवसर पर बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और उपहारों की पेशकश की है। आर. एस. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रंजन कुमार ने बताया कि बर्तन, फ्रिज, गोदरेज वाशिंग मशीन, कूलर, एसी और मिक्सिंग जूसर पर विशेष छूट दी जा रही है। वहीं नंदलाल सोनी ने कहा कि दीपावली और धनतेरस को ध्यान में रखते हुए बर्तन और ज्वेलरी की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सिक्कों की खरीदारी का विशेष महत्व होने के कारण स्वर्ण और रजत दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। बाजार में रौनक बढ़ाने के लिए कई दुकानों ने रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजावट की है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, इस बार त्योहारी सीजन में बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद है। धनतेरस पर सुबह से ही लोगों के खरीदारी के लिए निकलने की संभावना है और शाम तक ओबरा बाजार में भीड़ का माहौल रहने की उम्मीद है।




# कांग्रेस से नीतू व भाजपा से अरुणा, अनिल सहित आठ प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन







नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण में होने वाले मतदान (11 नवंबर 2025) को लेकर नवादा जिले में नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 13 अक्टूबर से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य जारी है। शुक्रवार को कांग्रेस, भाजपा और जनसुराज सहित विभिन्न दलों के कुल आठ अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025, संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर तथा अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित हो रही है।

*17 अक्टूबर को विधानसभावार नामांकन की स्थिति इस प्रकार रही*

रजौली (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र (235) में तीन संभावित प्रत्याशियों ने एनआर (नामांकन रजिस्टर) कराया है, पर किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।


हिसुआ विधानसभा क्षेत्र (236) में कांग्रेस से नीतू कुमारी (पति-शेखर कुमार) तथा भाजपा से अनिल सिंह (पिता-स्व. रामशरण सिंह) ने नामांकन किया।

नवादा विधानसभा क्षेत्र (237) में तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन किया — निर्दलीय जितेंद्र प्रसाद, निर्दलीय सुमन देवी (पति-जितेंद्र प्रसाद) और जनसुराज पार्टी से अनुज सिंह (पिता- त्रिवेणी सिंह)।

गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र (238) में पांच संभावित प्रत्याशियों ने एनआर कराया है, किंतु किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र (239) में भाजपा की अरुणा देवी (पति- अखिलेश सिंह) ने नामांकन किया है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी नामांकन स्थलों पर हेल्प डेस्क, वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी को रोकने के लिए सख़्त निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

# डीएम ने की लोक शिकायत निवारण के 10 मामलों की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा 10 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। परिवादी सुभाष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत जमाबंदी को रद्द कराने से संबंधित समस्या, परिवादी सुभाष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत आवास योजना की राशि भुगतान पर रोक लगाने से संबंधित, परिवादी शिवजी प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत विपक्षी द्वारा जबरन मकान बनाने एवं विपक्षियों द्वारा जान मारने की धमकी दिये जाने से संबंधित, परिवादी अरविंद कुमार द्वारा दर्ज शिकायत नल-जल का कार्य करने के दौरान रोड में बिछे ईंट को उखाड़ने के बाद नहीं बिछाने से संबंधित, परिवादी विनोद कुमार सिन्हा द्वारा दर्ज शिकायत गलत बिजली बिल देने से संबंधित, परिवादी ब्रह्मदेव प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत आवासीय भवन के ग्रिल से स्पर्श कर रहे बिजली वायर को तत्काल हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट करने से संबंधित, परिवादी डॉक्टर शशिकांत कुमार द्वारा दर्ज शिकायत रैयती भूमि की नापी कराकर घेराबंदी कराने से संबंधित, परिवादी जितेन्द्र कुमार द्वारा दर्ज शिकायत परिमार्जन से संबंधित, परिवादी पुरुषोतम प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित, परिवादी विजय कुमार वर्मा द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पांचवें दिन तीन लोगों ने कटवाया एनआर

**रजौली**। अनुमंडल कार्यालय में रजौली विधानसभा संख्या 235 के लिए अबतक मात्र छह संभावित प्रत्याशियों ने एनआर कटवाया है। रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि शुक्रवार को तीन प्रत्याशियों ने एनआर कटवाया है,जिसमें वारसलीगंज के मंजौर निवासी राकेश कुमार, रजौली के चौथा गांव निवासी अखिलेश कुमार एवं टकुआटांड़ निवासी विमल राजवंशी शामिल है। इससे पूर्व सिरदला के कसियाडीह गांव निवासी रंजीत कुमार, मेसकौर के ठोरा गांव निवासी गोरेलाल चौधरी एवं मेसकौर के कौआवारा गांव निवासी विजय कामेश्वर पासवान द्वारा एनआर कटवाया है। बताते चलें कि रजौली विधानसभा सीट के लिए एनडीए की ओर से लोजपा (आर) पार्टी से विमल राजवंशी को टिकट मिला है। जबकि अन्य राजनीतिक पार्टियों द्वारा अबतक प्रत्याशियों का खुलासा नहीं किया गया है।इससे विधानसभा प्रत्याशियों में संशय बरकरार है। वहीं एनआर और नामांकन के लिए प्रत्याशियों के पास मात्र दो दिन शनिवार और सोमवार का दिन ही शेष है। रजौली विधानसभा के लिए अबतक 6 संभावित प्रत्याशियों ने एनआर कटवाया है,जबकि नामांकन अबतक शून्य है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीइओ को लिखा पत्र

**पकरीबरावां**। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर प्राथमिक विद्यालयों को जीओबी की राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा एवं सचिव चंदन कुमार ने पत्र में लिखा है कि माध्यमिक एवं मध्य विद्यालयों में जीओबी की राशि दे दी गई है, पर प्राथमिक विद्यालयों को यह राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। यह भी लिखा गया है कि अधिकांश प्राथमिक विद्यालयों में मतदान केंद्र है। राशि नहीं उपलब्ध होने की स्थिति में विद्यालय के प्रधानों को व्यवस्था करने में परेशानी होगी। इस दिशा में पहल का आग्रह किया गया है।

### मतदाता जागरूकता बैठक आयोजित

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जीविका दीदियों को आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आसपास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान यह अपील की गई कि हर मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करेंगी और उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत रजौली विधानसभा क्षेत्र में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर जन-जन को 11 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नारे लगाकर लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया। रैली के दौरान शिक्षकगण एवं स्थानीय अधिकारियों ने भी उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से युवा एवं महिला मतदाताओं में लोकतांत्रिक भागीदारी की भावना को सशक्त बनाना और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना था।

### हिसुआ में चला मतदाता जागरुकता अभियान

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र आज हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में बाल विकास परियोजना के कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराना और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे आगामी 11 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही नागरिकों को बताया गया कि एक मत का भी लोकतंत्र में अत्यंत महत्व होता है और हर वोट राज्य के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना के कर्मियों ने मतदाता सूची में नाम की जाँच, मतदान प्रक्रिया की जानकारी और निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूकता संदेश भी दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का संकल्प लिया।

### भाजपा का झंडा लगे लग्जरी वाहन जब्त, प्राथमिकी

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा कड़ाई से आचार संहिता का पालन करवाया जा रहा है। रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) में मजिस्ट्रेट और बिहार पुलिस बलों को नियुक्त कर आदर्श आचार संहिता का पालन करवाया जा रहा है। इसी क्रम में नवादा की ओर से कोडरमा जाने वाली एक मॉरिश गैरेज का हेक्टर नाम लग्जरी कार को जांच हेतु रोका गया, जिसमें बीजेपी का झंडा लगा हुआ था। मजिस्ट्रेट संटू कुमार ने बताया कि बिना आदेश के वाहनों पर झंडा व बैनर लगाना अवैध है,जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है। लग्जरी वाहन के चालक सह मालिक रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी निवासी मन मोहन प्रसाद के पुत्र कुंदन कुमार सिन्हा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, और लग्जरी वाहन को जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में राजनीतिक पार्टी के झंडे लगे लग्जरी वाहन को जब्त कर लिया गया है, और पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। यह कार्रवाई बिहार में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में की जा रही सख्ती को दर्शाती है।

# डीएम-एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 के सफल, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड सहित सभी कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित कोषांग के पदाधिकारी अपने-अपने कार्यों के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव एक संवैधानिक दायित्व है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

बैठक में विशेष रूप से ईवीएम-वीवीपैट प्रबंधन, सशक्त मतदाता जागरुकता अभियान, परिवहन, कार्मिक, मतगणना, नियंत्रण कक्ष, संचार, ऑब्जर्वर कोषांग , वेबकास्टिंग, सुरक्षा, माइक्रो ऑब्जर्वर और मीडिया कोषांग, रिसीविंग सेंटर, डिस्पैच सेंटर, सीवीजिल, सोशल मीडिया, कॉल सेंटर 1950 सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके।

सभी निर्वाची पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के क्रम में निम्न बातों को विशेष रूप से पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया जाए प्रपत्र 17सी का वितरण शत प्रतिशत मतदान अभिकर्ताओं को करते हुए उनका हस्ताक्षर भी प्राप्त करना है, वीटीआर की शुद्धता हेतु सीयू डाटा से मिलान अवश्य करें, साथ ही इसीआइ नेट ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे, मॉक पोल को क्लियर निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, शत प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है इसके संचालन हेतु निर्बाध रूप से विद्युतीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, सीसीटीवी कैमरे विजिबल जगह पर लगाएंगे, मतदान केंद्रों पर मतदाता का मोबाइल रखने की व्यवस्था बाहर में की गई है। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कम वीटीआर वाले मतदान केंद्रों पर स्वीप गतिविधि अंतर्गत विशेष रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर विधि व्यवस्था ,सुरक्षा व्यवस्था, शांति व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों का सुरक्षा बलों द्वारा भ्रमण किया जाएगा । इस अवसर पर नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं

# इस्लामपुर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, संचालक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। इस्लामपुर पुलिस ने विधानसभा चुनाव के पूर्व थाना क्षेत्र के सुढ़ी गांव में गुरुवार की रात छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस मौके पर संचालक रमण विश्वकर्मा को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में पुलिस ने पांच देशी कट्टा के साथ शस्त्र बनाने वाले काफी मात्रा में उपकरण बरामद किया है। शुक्रवार को स्थानीय थाना में हिलसा-2 के पुलिस उपाधीक्षक कुमार ऋषि राज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सुढी गांव के एक घर में हथियार बनाया जा रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस ने गुरुवार की रात सीएपीएफ टीम के साथ रमण विश्वकर्मा पिता- अर्जुन विश्वकर्मा के घर पर छापे मारी कर पांच देशी कट्टा के साथ शस्त्र बनाने वाले काफी मात्रा में सामग्री बरामद किया है। इस छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, डीओयू प्रभारी आलोक कुमार, अनि रामानुज सिंह, अनि तौकीर खान, अनि अरुण कुमार राय के अलावा एसटीएफ एवं अन्य पुलिस शामिल थे। इस छापेमारी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। डीएसपी ने कहा कि गिरफ्तार

# पीएलआई में नालंदा डाक मंडल राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नालंदा डाक मंडल के कर्मियों को किया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा डाक मंडल ने डाक जीवन बीमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है। हाल ही में हुए मूल्यांकन में पीएलआई प्रीमियम संग्रह के क्षेत्र में नालंदा मंडल पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नालंदा डाक मंडल के कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक नालंदा कुंदन कुमार ने सभी डाककर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीम भावना, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। हम सबने मिलकर यह सिद्ध किया है कि नालंदा मंडल हमेशा देश में अग्रणी रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि अब मंडल ने 22 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विशेष पीएलआई ड्राइव में 5 करोड़ रुपये के प्रीमियम संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी डाककर्मी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ तैयारी में जुटे हैं। डाक जीवन बीमा योजना भारत सरकार की एक प्रमुख बीमा योजना है, जो कर्मचारियों एवं नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। नालंदा मंडल की यह उपलब्धि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर डाक निरीक्षक रामाशीष प्रसाद, रंजीत कुमार रजक, विकास राय, इंद्रेश विक्रांत, तथा मनीष आनंद (प्रधान डाकघर, बिहारशरीफ के पोस्टमास्टर) सहित सभी डाककर्मी उपस्थित थे।

# लक्ष्मी पूजा और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। लक्ष्मी पूजा और छठ को लेकर शुक्रवार को धमौल थाना परिसर में शांति समिति एवं पूजा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने की। मौके पर धमौल पंचायत के मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, पंसस उपेंद्र सिंह, ढोढ़ा मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, मो. जैनुल आब्दीन, कैसर मंसूरी, कैलाश चौधरी, बिनोद गुप्ता सहित पूजा समिति के सक्रिय सदस्य संजय प्रसाद, सतीश वर्मा, दीपक वर्मा, कुंदन कुमार, विवेक कुमार आदि शामिल हुए। बैठक में थानाध्यक्ष ने लक्ष्मी पूजा और छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी घाटों की स्थिति, प्रतिमा निर्माण, विसर्जन मार्ग और रूट चार्ट की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के दौरान स्वच्छता, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि छठ घाटों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बताया गया कि धमौल बाजार और ढोढ़ा छठ घाट पर भगवान सूर्य नारायण की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालु हर वर्ष पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष ने पूजा समितियों को लाइसेंस से संबंधित शर्तों की जानकारी दी और सभी आयोजकों से नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पूजा या विसर्जन के दौरान किसी भी तरह का अश्लील नाच-गान या डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। इस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्वों के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं और प्रशासन को सहयोग दें।

# शराब माफिया पर ड्रोन से रखी जा रही नजर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शुक्रवार को पकरीबरावाँ उत्पाद थाना की उत्पाद टीम एवं गिरिडीह जिला की उत्पाद टीम द्वारा संयुक्त रूप से ड्रोन के माध्यम से सिजुवाई और ककड़ीयार गाँव में छापामारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान घने जंगल में छुपा कर रखे गए अवैध शराब बनाने वाले अड्डों का पता लगाया गया। छापामारी में कुल छह शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर उनके निर्माण में प्रयुक्त उपकरण और फर्मेंटेड जावा महुआ घोल को नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध चुलाई शराब 210 लीटर जब्त की गई। जप्त जावा महुआ का वजन लगभग 10,400 किग्रा था, जिसे घटना स्थल पर नष्ट किया गया। इस मामले में 3 अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। अभियोग गिरिडीह उत्पाद थाना द्वारा दर्ज किया गया। छापामारी का नेतृत्व रवि रंजन, अवर निरीक्षक उत्पाद, गिरिडीह ने किया। नवादा जिला के पकरीबरावां उत्पाद थाना से निरीक्षक मध निषेध रामेश्वर तुड्डू, सहायक अवर निरीक्षक मध निषेध एवं ड्रोन प्रभारी पंकज उदास, सुषमा कुमारी, और गावां थाना के अवर निरीक्षक प्रवेश चौधरी सशस्त्र बल एवं गृह रक्षक जवानों के साथ इस कार्रवाई में शामिल रहे।

# देव में छठ करने का है विशेष महत्व

रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। देव में छठ का विशेष महत्व है, क्योंकि यह बिहार के सबसे प्रसिद्ध और प्राचीनतम छठ घाटों में से एक है, जिसे देवार्क सूर्य मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान पर देव माता अदिति ने छठी मैया की कठिन तपस्या की थी जिसके बाद उन्हें तेजस्वी पुत्र आदित्य भगवान की प्राप्ति हुई। इसी वजह से यह स्थान संतान प्राप्ति और परिवार की सुरक्षा के लिए छठ पूजा करने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। देव सूर्य मंदिर में छठ पूजा करने से जुड़ी एक पौराणिक कथा है जिसके अनुसार देव माता अदिति ने सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए यहां तपस्या की थी। वहीं कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर देव में एक राजकीय छठ मेला लगता है, जो पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनाता है। इस स्थान पर छठ पूजा का व्रत रखने से संतान प्राप्ति, परिवार की सुरक्षा और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। देव सूर्य मंदिर का अस्तित्व छठ पूजा के साथ-साथ एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। देव की छठ पूजा पूरे देश से श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है जो यहां की पौराणिक कथाओं और महत्व से प्रभावित होते हैं। बता दें कि यहां कार्तिक और चैती छठ व्रत के अवसर पर चार दिवसीय राजकीय छठ मेले की रौनक देखते ही बनती है। पूरा मेला क्षेत्र छठी मईया के गीतों से गुंजायमान रहता है। मेला परिसर और मंदिर क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जाती है। इस अवसर पर त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। मेला क्षेत्र समेत पूरे देव में हर तरफ छठी मईया के गीत सुनाई पड़ती हैं। लोक मान्यता है कि देव में अत्यंत प्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजन-अर्चन करने और पौराणिक सूर्य कुंड में स्नान करने से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है। छठ पूजा का विधान इतिहास के अलावा हमारे किसी भी धर्म के प्रमाणित पवित्र सद्ग्रंथों में नहीं है।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर मीडिया व एमसीएमसी कोषांग की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सूचना भवन स्थित सभागार में मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी, मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग सह प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नवादा अमरनाथ कुमार ने की। बैठक के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रचार-प्रसार, विज्ञापन, समाचार प्रकाशन एवं प्रसारण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि समाचार पत्रों, टीवी चैनलों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रकाशित या प्रसारित होने वाली सभी खबरें निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप होनी चाहिए। आज की बैठक में सहायक नोडल पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीता कुजुर, ज्योति सिन्हा, अंजली कुमारी, लिपिक हेमंत कुमार, रजनी कुमारी तथा मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में सप्तऋषि डिग्री कॉलेज के प्राचार्य गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर छपरा मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग 9:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में सप्तऋषि डिग्री कॉलेज के प्राचार्य दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में प्राचार्य के गंभीर रूप से घायल होने पर स्थानीय लोगों एवं कॉलेज के सहकर्मी द्वारा उन्हें इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान रजौली निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का एक पैर में गंभीर जख्म के अलावे शरीर के विभिन्न हिस्से चोटिल है,जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई एवं दवाइयां दी गई है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद सहकर्मी कौशल कुमार व उमेश चौधरी ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति प्राचार्य दिनेश कुमार अपनी पत्नी को छपरा स्कूल में छोड़ने के बाद अमावां मोड़ स्थित सप्तऋषि डिग्री कॉलेज जा रहे थे। वे जैसे ही छपरा मोड़ से थोड़ी दूर आगे बढ़े ही थे,कि पीछे से एक तेज रफ्तार में रहे असंतुलित पल्सर बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी। इस सड़क दुर्घटना में पल्सर सावर युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया,किंतु प्राचार्य के कहने पर उसे छोड़ दिया गया। वहीं प्राचार्य ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पल्सर सावर युवक भी चोटिल था और उसे अत्यधिक गति में ना चलने की सलाह देकर छोड़ दिया गया। प्राचार्य ने कहा कि सड़क दुर्घटना को लेकर उन्होंने पुलिस को कोई शिकायत नहीं करनी है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज के छात्रों ने किए 15 में से छह पुरस्कार अर्जित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा 'सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज, पटना ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में कुल 15 पुरस्कारों में से 6 पुरस्कार बी. डी. कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अर्जित किए जिससे महाविद्यालय की रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और डिजिटल नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, लैंगिक समानता और एचआईवी/एड्स की रोकथाम जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के लिए प्रेरित करना था। राज्य भर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने लघु रील, पोस्टर और ऑनलाइन अभियानों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। बी. डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा—यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाती है कि जब शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संगम होता है तो परिणाम प्रेरणादायक होते हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि बी. डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने रील मेकिंग श्रेणी में विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उनके कार्यों ने सकारात्मक सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन युवाओं को डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति जागरूक और सक्रिय नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# लोकतांत्रिक जनता दल ने बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की

## बिहार में अब तीसरे मोर्चे की जरूरत : जावेद रजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकतांत्रिक जनता दल ने फ्रेजर रोड स्थित कासा पिकोला रेस्टुरेंट में प्रेस वार्ता आयोजित कर तीसरे मोर्चे के गठन की घोषणा की। इस तीसरे मोर्चे में लोकतांत्रिक जनता दल के साथ लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक एवं अन्य सहयोगी दलों ने गठबंधन कर बिहार के सभी विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की बात कही। इस मौके पर लोकतांत्रिक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद रजा, प्रदेश संयोजक महादेव राउत, आंध्रप्रदेश एवं बिहार प्रभारी रत्नम साहब, लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक के पवन कुमार सहित अन्य सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद रजा ने कहा कि बिहार की जनता एनडीए और यूपीए की सरकार से ऊब चुकी है। जनता अब नया रास्ता चाहती है और वो रास्ता तीसरे मोर्चे से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनबल पर आधारित राजनीति करना है। वहीं प्रदेश संयोजक महादेव राउत ने कहा कि हम सभी तीसरे मोर्चे के घटक दल मजबूती से इस चुनाव में अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। हमारा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं, सत्ता की दिशा बदलना है जबकि लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक के पवन कुमार ने लोगों से इस तीसरे मोर्चे को बेहतर विकल्प मानकर वोट देने की अपील की ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

# राजस्व कर्मचारी राजू कुमार डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में निगरानी विभाग की टीम ने डुमरिया अंचल के राजस्व कर्मचारी राजू कुमार को डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अंचल कार्यालय के पास की गई। राजू कुमार पर जमीन को ऑनलाइन करने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। डुमरिया प्रखंड के मदारपुर निवासी अनवर खान ने इस संबंध में निगरानी विभाग को लिखित शिकायत के साथ एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी थी जिसमें 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने की बात कही गई थी। शिकायत के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया। अनवर खान ने राजू कुमार को अंचल कार्यालय डुमरिया के समीप पानी टंकी के पास बुलाया जहां 3 लाख रुपये देने की बात हुई थी। मौके पर राजू कुमार को डेढ़ लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ग्रामीणों ने बताया कि राजू कुमार पर पहले भी रिश्वत लेने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन सबूतों के अभाव में उन पर कार्रवाई नहीं हो पाई थी। शिकायतकर्ता अनवर खान ने कहा कि राजू कुमार भ्रष्ट व्यक्ति थे और गरीबों से भी पैसे लेते थे। उन्होंने ऐसे सभी भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ताकि व्यवस्था में सुधार आ सके।

# रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने आमलोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के आवासीय नवोदित विद्यालय में शुक्रवार को दीपावली पर्व के अवसर पर छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 7वीं कक्षा की छात्राओं ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर जिप सदस्या डॉ. पिंकी कुमारी एवं शिक्षकों ने रंगोली का जायजा लेते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर, जल संरक्षण, भ्रूण हत्या, आपसी भाईचारे, सोशल मीडिया तथा अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

# खिजरसराय में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में खिजरसराय अंचल के इस्माइलपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर तनाव गहराता जा रहा है। धर्मेंद्र पाठक ने आरोप लगाया है कि उनकी पैतृक जमीन को गांव के ही एक व्यक्ति ने फर्जीवाड़े के जरिए नंदकिशोर सिंह उर्फ उदय सिंह को बेच दिया है। धर्मेंद्र पाठक के अनुसार नंदकिशोर सिंह ने स्थानीय दबंगों की मदद से 8 अक्टूबर और 11 अक्टूबर को जमीन पर कब्जे की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने मिट्टी भरने का काम शुरू कर दिया और विरोध करने परिवार को गालियां दीं और गोली मारने की धमकी भी दी गई। धर्मेंद्र ने बताया कि नंदकिशोर और उसके साथियों ने मेरी जमीन के पास मिट्टी जमा करके रखा है। ताकि मौका मिलते ही जबरन भराव कर कब्जा कर ले। पूरे मामले की शिकायत डीसीएलआर खिजरसराय, एसडीओ बथानी, सीओ खिजरसराय, एसडीपीओ बथानी और खिजरसराय थाने को लिखित और डिजिटल माध्यम से दी है। व्यवहार न्यायालय गयाजी में टाइटल सूट दायर किया है। बावजूद इसके दबंगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि पुलिस के सामने ही महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। धर्मेंद्र पाठक का कहना है कि बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में जमीन पर मिट्टी भराया गया। इस मामले में एसडीएम के यहां आवेदन दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। इस बीच मिट्टी भराने का काम कर दिया गया। गांव में दोनों पक्षों के बीच माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की तो किसी भी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सीयूएसबी में सम्मान के साथ वृद्धावस्था शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत सम्मान के साथ वृद्धावस्था शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के दिशा निर्देश में समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और सम्मान के बारे में जागरूकता फैलाना और भारत में वृद्धजनों के प्रति देखभाल और सहानुभूति की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कुलपति प्रो के एन सिंह ने कहा कि यह पहल विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्वों और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाने के विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। जन संपर्क पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से अपने परिवारों और समुदायों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति दया, सम्मान और करुणा के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली।

# सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य आमजन को जीवन रक्षक तकनीक (लाइफ सेविंग स्किल्स) के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में हृदय गति रुकने (कार्डिक अरेस्ट) जैसी स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने की क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। यह पांच दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान गया जिले भर में चलाया गया जिसमें जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र सहित विभिन्न स्कूलों, सहायक नर्स मिडवाइफरी स्कूलों और समुदायिक स्थलों पर सीपीआर प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों, अध्यापकों, छात्रों एवं सामान्य नागरिकों को सीपीआर की तकनीक, उसके चरण और आपात स्थितियों में उसके प्रयोग की जानकारी व्यवहारिक रूप में दी गई। इस अभियान के सफल संचालन में जिला स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निलेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी प्रखंडों में इस कार्यक्रम की निगरानी और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के आयोजन में गया जिले में संचालित नेशनल हेल्थ रिसर्च प्रायरिटी (एनएचआरपी) प्रोजेक्ट आईसीएमआर के मुख्य अन्वेषक डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, एनएमएमसीएच के अंतर्गत कार्यरत रिसर्च साइंटिस्ट सृष्टि सिंह राठौर एवं डॉ. आशीष कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर सीपीआर प्रशिक्षण की वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार की और विभिन्न केंद्रों पर प्रशिक्षण सत्रों को सुचारु रूप से संपन्न किया। इसके अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सों तथा नॉन-टेक्निकल स्टाफ ने जनसामान्य तक इस महत्वपूर्ण संदेश को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को सीपीआर के साथ-साथ श्वसन रुकने, दम घुटने और आकस्मिक स्वास्थ्य संकटों में प्रारंभिक हस्तक्षेप के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# अतरी में एनडीए प्रत्याशी रोमित कुमार ने किया नामांकन

## जीतन राम मांझी ने भरी हुंकार मेरी अंतिम इच्छा अतरी का विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को अतरी विधानसभा (233) से चुनावी समर की औपचारिक शुरुआत हो गई। एनडीए गठबंधन के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रत्याशी रोमित कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के पांचवें दिन तक अतरी क्षेत्र से कुल 15 एनआर रसीद कट चुकी हैं, लेकिन औपचारिक रूप से पर्चा भरने वाले वे पहले उम्मीदवार बने। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने बताया कि मतदान से पूर्व सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन के बाद खिजरसराय प्रखंड के मनसा बिगहा के समीप आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दया शंकर ने की जबकि संचालन बथानी के पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने किया। सभा में केंद्रीय मंत्री एवं हम के राष्ट्रीय संरक्षक जीतन राम मांझी स्वयं पहुंचे और समर्थकों में जोश भरते हुए भावुक अपील की। मेरा जन्मभूमि और ननिहाल दोनों अतरी में है। जीवन में कई पद मिले, मंत्री और मुख्यमंत्री भी बने, लेकिन अपने क्षेत्र के लिए काम करने का अवसर नहीं मिला। इस बार मेरा सपना है कि अतरी का विकास करूं। आप लोग मेरे प्रत्याशी को अंतिम अवसर देकर आशीर्वाद दें, भले ही कफन ही क्यों न ओढ़ना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि जीत होने पर सोन नदी से फल्गु नदी तक पानी पहुंचाने जैसी योजनाओं पर कार्य होगा जिससे अतरी में विकास की धाराएं बहेंगी। हम प्रत्याशी रोमित कुमार ने भी जनता के सामने परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अतरी में बीस-पच्चीस वर्षों से जो साम्राज्य स्थापित है, उसे ध्वस्त करने का समय आ गया है। यहां का असली क्षेत्रीय कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि अतरी की महान जनता है। मैं बच्चों के भविष्य, शिक्षा और विकास के लिए आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। सभा स्थल पर एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी जिसने यह संकेत दे दिया कि अतरी की धरती इस बार महासमर के लिए पूरी तरह तैयार है।

# लाइंस क्लब ऑफ पटना सेनटेनियल में मना दीपोत्सव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर क्लब परिसर में गुरुवार को लाइंस क्लब ऑफ पटना सेनटेनियल की महिला सदस्यों ने दिपावली के महौल में दीपोत्सव का उत्सव मनाया। अध्यक्षा संगीता खेतान ने वीणा गुप्ता, ईला मित्तल के साथ-साथ सभी सदस्यों के सहयोग से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर मंच संचालन आशा अग्रवाल एवं सुनिता सर्राफ ने किया। हाउजी का संचालन अल्पना अग्रवाल एवं अनुराधा मित्तल ने किया। प्रभा अग्रवाल ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शबनम अग्रवाल की अहम भूमिका रही।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड के बहेरा थाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार। इस मामले की पुष्टि बहेरा थाना अध्यक्ष ने करते हुए कहा कि सघन वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान आयुष राज उम्र करीब 22 वर्ष पिता अंबुज प्रसाद दूसरा अभिषेक कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता संतोष कुमार दोनों ग्राम जमुआरा थाना-रौशनगंज जिला-गया के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है।

# जीबीएम कॉलेज में जीवन विद्या पर दो-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के संरक्षण में आईक्यूएसी एवं दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त संयोजन में मूल्य वर्द्धित पाठ्यक्रम के तहत मध्यस्थ दर्शन पर आधारित जीवन विद्या पर दो-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, आमंत्रित जीवन विद्या प्रबोधक नवीन कुमार, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, दर्शन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमृता कुमारी घोष ने वैल्यू ऐडेड कोर्स, आचरण, चरित्र, व्यवहार एवं जीवन जीने की कलाओं पर छात्राओं से अपने विचार साझा किये। प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा पद्धति में नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल पर आधारित पाठ्यक्रम का समावेश किया जाना स्वागतयोग्य है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक सेमेस्टर वन के स्टूडेंट्स के लिए वैल्यू ऐडेड कोर्स को शामिल किया गया है। इस कोर्स के तहत छात्राओं को अंतर्विषयक वातावरण में जीवन जीने की कला का ज्ञान दिया जायेगा। छात्राओं को उनके मुख्य विषय से परे अंतर्विषयक कौशल विकसित करने के अवसर प्रदान किये जायेंगे। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि 18 अक्टूबर को कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं को मानवीय मूल्यों एवं कुशल जीवन जीने की तरीकों एवं तकनीकों से परिचित करवाया जायेगा। उन्हें धीरता, वीरता, उदारता, दया, कृपा, करुणा जैसे सद्गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने के साथ काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर जैसे विकारों से मुक्त होने के तरीके बताये जायेंगे। ज्ञातव्य है कि वैल्यू एडेड कोर्स ऐसे अतिरिक्त पाठ्यक्रम होते हैं जो विद्यार्थियों को उनके मुख्य शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अलावा अतिरिक्त कौशल और ज्ञान प्रदान करते हैं। इनका उद्देश्य छात्रों को नौकरी के लिए अधिक योग्य बनाना, उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना तथा वास्तविक जीवन की स्थितियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना है।

# अदनान अंजीम बने युवा राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** युवा राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा ने युवा नेता अदनान अंजीम को पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के द्वारा जारी अधिसूचना में इस आशय की पुष्टि की गयी। अधिसूचना के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष धीरज शर्मा ने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रबुद्ध पटेल के नेतृत्व में संगठन के विस्तार, सशक्तिकरण एवं युवा वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने अदनान से अपेक्षा की है कि वे पार्टी की नीतियों, उद्देश्य एवं विचारधारा को बिहार राज्य के प्रत्येक जिले और प्रखंड में पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसकी सूचना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत कुमार सिंह, बिहार के पर्यवेक्षक डॉ राजकुमार यादव, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रंजन प्रियदर्शी व युवा राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश आदिक को दी गयी है।

# भगवान महावीर निर्वाणोत्सव पर 21 अक्टूबर को जैन धर्मावलंबी चढ़ाएंगे लड्डू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक (निर्वाणोत्सव) पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से मंगलवार, 21 अक्टूबर को पटना के सभी जैन मंदिरों में मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश भर के जैन धर्मावलंबी भगवान महावीर को लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक का पर्व मनाएंगे। पटना के मंदिरों में प्रातःकाल भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के बाद लाडू चढ़ाने की परंपरा निभाई जाएगी। जैन समाज के एम.पी. जैन ने बताया कि भगवान महावीर का निर्वाण कार्तिक अमावस्या को प्रातः चार बजे पावापुरी में हुआ था। इसी उपलक्ष्य में जैन समाज इस दिन लाडू चढ़ाकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान को नमन करता है। एम.पी. जैन ने बताया कि इसी दिन भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसीलिए यह दिन जैन समाज के लिए आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक है। बिहार सहित देश के विभिन्न जैन मंदिरों में इस दिन श्रद्धालु लाडू चढ़ाते हैं और भगवान के उपदेशों का स्मरण करते हैं। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र समिति के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर के मोक्षस्थल पावापुरी में इस अवसर पर देशभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा महावीर निर्वाणोत्सव के दिन पावापुरी क्षेत्र में मांसाहार पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया है जिससे वातावरण पूर्णतः पवित्र और शांतिपूर्ण रहेगा। एम.पी. जैन ने बताया कि लाडू गोल आकार का होता है जिसका अर्थ है – जिसका न आरंभ है, न अंत। यह हमारी आत्मा की अखंडता का प्रतीक है। लाडू बनाने की प्रक्रिया – बूंदी को कड़ाही में तपाना और फिर चाशनी में डुबोना – आत्मा की तपश्चर्या और मोक्ष की प्राप्ति का प्रतीक है। जैसे बूंदी तपने के बाद मीठी हो जाती है, वैसे ही आत्मा भी तप और संयम के बाद मोक्षरूपी मधुरता प्राप्त करती है। एम.पी. जैन ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत पर आधारित है। इसलिए दीपावली या निर्वाणोत्सव पर जैन धर्मावलंबी पटाखे और आतिशबाजी नहीं करते। पटाखों से सूक्ष्म जीवों की हिंसा होती है और पर्यावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। जैन समाज सत्य, अहिंसा और पर्यावरण संरक्षण के मार्ग पर चलते हुए भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने का प्रयास करता है।

# टिकारी में एनडीए समर्थित हम प्रत्याशी के नामांकन पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने जताई नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** एनडीए समर्थित हम पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार के नामांकन के दौरान जदयू नेताओं में असंतोष की स्थिति देखने को मिली। शुक्रवार को दोपहर दो बजे डॉ. अनिल कुमार ने टिकारी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार सुनी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष मो. जमीलू रहमान ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि टिकारी विधानसभा के हम प्रत्याशी द्वारा नामांकन कार्यक्रम में जदयू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जो एनडीए की एकजुटता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। मो. रहमान ने शुक्रवार की शाम चार बजे बयान जारी कर कहा कि 'हर बार बैठक या कार्यक्रम की सूचना नहीं दी जाती जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। भविष्य में अगर हार होती है तो कोच प्रखंड जदयू कमेटी पर आरोप न लगाया जाए कि सहयोग नहीं किया गया।' उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को दी जा रही है।

# शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज, पांचवें दिन पांच ने कटाया एनआर दो ने दाखिल किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (गया)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को शेरघाटी अनुमंडल में हलचल तेज हो गई है। नामांकन के पांचवें दिन शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र से कुल पांच उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी को लेकर एनआर पर्चा कटवाया है। जैसे-जैसे नामांकन की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ती जा रही है। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) से आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी सरयू दास जी महाराज उर्फ योगी बाबा तथा शोषित समाज दल के मनीष कुमार शामिल हैं। दोनों उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पर्चा भरा। वहीं इमामगंज विधानसभा (227) से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने अपना नामांकन दाखिल किया है जिससे इस क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। इसी क्रम में बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के एक प्रत्याशी ने भी नामांकन कराया है। प्रशासन की ओर से नामांकन प्रक्रिया को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने यह जानकारी दिया है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चुनावी माहौल पूरी तरह से बन चुका है और आने वाले दिनों में प्रचार अभियान में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी।

संपादकीय

# मौत का दर्दनाक सफर!

राजस्थान के जैसलमेर में मंगलवार को हुआ भयानक और दर्दनाक हादसा सिस्टम की लापरवाही और बस ऑपरेटरों की मनमानी का एक और उदाहरण है। जैसलमेर से जोधपुर जा रही इस स्लीपर बस में अचानक आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर असमय मौत हो गई। उनके लिए यह सफर मौत का सफर साबित हुआ। कई यात्री घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव जलकर राख हो गए हैं, जिनकी पहचान डीएनए सैंपलिंग से ही संभव है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिन लोगों के परिजन इस हादसे में मारे गए हैं और उनके आंसू थम नहीं रहे हैं। हादसा इतना भयंकर था कि बस का गेट बंद होने के कारण लोग जान बचाकर बाहर भी नहीं निकल सके। मरने वालों में एक स्थानीय भाजपा नेता और एक पत्रकार भी है। हैरानी की बात यह है कि यह घटना दोपहर 3:30 बजे की है। आग चलती बस में लगी। घायलों में एक कपल भी है, जो प्री-वेडिंग शूट कराकर जोधपुर लौट रहा था। शवों को निकालने के लिए आर्मी की मदद लेनी पड़ी। हादसे के समय बस में 57 यात्री थे। हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की भी मौत हुई है। अग्निकांड में 15 लोग 70 प्रतिशत तक झुलसे भी हैं। बताया जाता है कि 5 दिन पहले ही जोधपुर के इक्कू ने नई बस खरीदी थी। जो जैसलमेर में आग का गोला बन गई। यह भी कहा जा रहा है कि बस में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और किसी पुरानी बस को ही एसी स्लीपर में मॉडीफाई किया गया था। यहां बड़ा सवाल यह है कि चलती बस में आग कैसे लगी? बगैर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम की ये बसें सड़कों पर कैसे दौड़ रही हैं? क्या राज्य का परिवहन विभाग और प्रशासन सो रहा है? बस में आग लगने को लेकर अलग-अलग दावे हैं। सबसे पहले बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई थी। इसके बाद एसी का कम्प्रेशर पाइप फटने से आग लगने का दावा था। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि बस की डिग्गी पटाखों से भरी थी, इस कारण आग भड़की। बस में बैठे यात्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया- पीछे से धमाके की आवाज आई। हमें लग रहा है एसी का कंप्रेशर फट गया। गैस और डीजल के साथ मिलकर बहुत भीषण आग लगी। एक ही दरवाजा था। इसलिए लोग फंस गए। आगे की सीट वाले निकल गए। हादसे में घायल युवक आशीष की मां का कहना था कि बस में आग लगने के बाद भी ड्राइवर ने 800 मीटर गाड़ी दौड़ाई। पुलिस के मुताबिक बस की बैटरी में शॉर्ट सर्किट और एसी की वायरिंग में आग लगने से यह हादसा हुआ। ज्वलनशील पदार्थों और रैग्जीन की सीटों के कारण आग तेजी से फैली। बस में फंसे यात्री कुछ ही मिनटों में आग की लपटों की चपेट में आ गए। स्लीपर बस में आग का ये पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार स्लीपर बसें चलती-फिरती मौत बन चुकी हैं। चीन ने 13 साल पहले स्लीपर बस बैन कर दी थीं, लेकिन लगातार हादसों और बैन की मांग के बावजूद स्लीपर बसें मौत बनकर देश की सड़कों पर दौड़ रही हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसलमेर बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। लेकिन इस हादसे से भी कोई सबक लिया जाएगा, इसकी संभावना न्यून ही है।

# घटता चरण, बढ़ता लोकतंत्र



सुमन कुमार झा

बिहार की राजनीति हमेशा से राष्ट्रीय चर्चा का विषय रही है। यहाँ के चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक माहौल की दिशा तय करने वाले माने जाते हैं। बिहार की राजनीतिक चेतना ने भारत के लोकतंत्र को कई बार नई दिशा दी है। पहले जहाँ बिहार में विधानसभा चुनाव चार या पाँच चरणों में होते थे, वहीं अब सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा यह मांग की गई कि चुनाव सिर्फ 1 या 2 चरणों में ही कराए जाएँ। यह मांग केवल चुनावी सुविधा नहीं, बल्कि एक गहरा लोकतांत्रिक और सामाजिक संदेश अपने भीतर समेटे हुए है। यह एक राजनीतिक सहमति और परिपक्वता का उदाहरण है। आम तौर पर चुनाव के समय राजनीतिक दल एक-दूसरे के विरोधी होते हैं, लेकिन जब वे एक साथ इस मुद्दे पर सहमत होते हैं, तो यह दिखाता है कि वे राज्यहित को राजनीति से ऊपर रख रहे हैं।

यह लोकतंत्र में सहयोग और संवाद की भावना को दर्शाता है। साथ ही, यह संकेत देता है कि बिहार अब स्थिर, संगठित और आत्मविश्वासी राज्य बन चुका है, जहाँ जनता और राजनीति, दोनों लोकतंत्र की मजबूती के लिए साथ चल रहे हैं।

बिहार की कानून-व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ और स्थिर हो चुकी है। जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों यह मानने लगें कि राज्य में एक या दो चरणों में चुनाव कराना संभव है, तो यह दर्शाता है कि अब चुनावों में हिंसा, नक्सल प्रभाव या बूथ कैप्चरिंग जैसी पुरानी समस्याएँ लगभग समाप्त हो चुकी हैं। यह बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था और जनता दोनों के परिपक्व होने का प्रमाण है।

पहले बिहार में चुनाव का मतलब होता था कड़ी सुरक्षा, नक्सली इलाकों की चिंता, और कई चरणों में मतदान। मगर अबकी बार जब चुनाव आयोग ने केवल दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया, तो यह केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं था, बल्कि कानून-व्यवस्था की मजबूती और नक्सलवाद के अंत का प्रतीक भी है।

कभी गया, औरंगाबाद, जमुई, लखीसराय, भोजपुर, नवादा और मुंगेर जैसे जिले नक्सल प्रभाव के गढ़ माने जाते थे। इन इलाकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया कठिन थी। परंतु पिछले एक दशक में केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों, विशेष अभियानों और विकास योजनाओं ने नक्सलवाद की जड़ें कमजोर कर दीं। अब जनता में भय का माहौल नहीं है, बल्कि लोकतंत्र पर विश्वास है। लोग हथियार छोड़कर विकास की राह चुन रहे हैं। यही वजह है कि अब चुनाव आयोग को उन क्षेत्रों में अलग-अलग चरणों में मतदान कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

भारत में चरणबद्ध चुनाव प्रणाली की शुरुआत 1951ङ्क52 में पहले आम चुनाव के साथ हुई थी। उस समय पूरे देश में परिवहन, संचार और सुरक्षा की सीमाएँ थीं। इसलिए चुनाव एक साथ नहीं कराए जा सके। पहले आम चुनाव को अक्टूबर 1951 से मार्च 1952 तक कई चरणों में संपन्न किया गया। उसी से भारत में ÷फेज-वाइज÷ चुनाव की परंपरा शुरू हुई।

समय के साथ तकनीकी प्रगति, प्रशासनिक क्षमता और सुरक्षा बलों की उपलब्धता बढ़ी। अब भारत निर्वाचन आयोग के पास इतना सशक्त ढाँचा है कि वह बड़े राज्यों में भी सीमित चरणों में निष्पक्ष चुनाव करा सकता है। बिहार इसका उदाहरण है।

चुनाव सुधारों की इस यात्रा में तत्कालीन चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन और के. जे. राव की भूमिका मील का पत्थर साबित हुई। टी. एन. शेषन, जो 1990 से 1996 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे, उन्होंने चुनाव आयोग को एक निष्क्रिय संस्था से एक सशक्त संवैधानिक संस्था बना दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत सर्वोच्च अधिकार प्राप्त संस्था है। उन्होंने ÷आचार संहिता÷ को सख्ती से लागू किया, चुनावों में धनबल, बाहुबल, और धर्म-जाति आधारित प्रचार पर रोक लगाई।

> **बिहार की कानून-व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ और स्थिर हो चुकी है। जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों यह मानने लगें कि राज्य में एक या दो चरणों में चुनाव कराना संभव है, तो यह दर्शाता है कि अब चुनावों में हिंसा, नक्सल प्रभाव या बूथ कैप्चरिंग जैसी पुरानी समस्याएँ लगभग समाप्त हो चुकी हैं। यह बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था और जनता दोनों के परिपक्व होने का प्रमाण है।**

उन्होंने मतदाता पहचान पत्र की शुरुआत कराई, मतदान केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की और चुनावी पारदर्शिता को नई दिशा दी। उनके कार्यकाल को भारतीय लोकतंत्र का ÷टर्निंग पॉइंट÷ कहा गया। उन्होंने सिद्ध किया कि एक ईमानदार अधिकारी यदि ठान ले, तो पूरे चुनाव तंत्र को भ्रष्टाचार और दबाव से मुक्त किया जा सकता है।

उनके बाद के. जे. राव ने इस सुधार की परंपरा को और आगे बढ़ाया। राव, जो चुनाव आयोग में सलाहकार रहे, उन्होंने विशेष रूप से 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। जब बिहार में हिंसा और बूथ कैप्चरिंग आम थी, तब के. जे. राव की सख्ती और पारदर्शिता के कारण पूरे राज्य में शांति से मतदान हुआ। उन्हें जनता और मीडिया ने ÷बिहार चुनावों का नायक÷ कहा। राव ने ईवीएम और वीवीपैट के प्रयोग को बढ़ावा दिया, जिससे मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और भरोसा बढ़ा। उन्होंने साबित किया कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि ईमानदारी और इच्छाशक्ति से होती है। बिहार विधानसभा चुनाव का दो चरणों में होना यह दर्शाता है कि राज्य अब भय, हिंसा और अस्थिरता से मुक्त होकर शांति, विकास और स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। यह केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है।

1990 से 2005 के बीच बिहार विधानसभा चुनावों में हिंसा की घटनाएँ अधिक थीं, जहाँ अक्सर तीस से पचास या उससे अधिक लोगों की मौत होती थी। 2005 के बाद, विशेषकर 2009 से आगे, चुनाव अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण हुए और 2015 में लगभग कोई मृत्यु नहीं हुई। सुरक्षा बलों की तैनाती समय के साथ अधिक व्यापक हुई, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में। 2010 के चुनावों में अंतिम चरण के लिए लगभग 35,000 सुरक्षा कर्मी, चार हेलीकॉप्टर और 350 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियाँ तैनात की गईं। वहीं, 2020 के चुनाव में लगभग 30,000 केंद्रीय सुरक्षा बल कर्मियों को नियुक्त किया गया। राज्य पुलिस और आरक्षित बल भी संवेदनशील बूथों पर तैनात रहे।

दो चरणों में चुनाव कराने से समय, धन और संसाधनों की बचत होती है। लंबे चुनावों से सरकारी कार्य बाधित होते हैं, जबकि सीमित चरणों में चुनाव कराने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है। इसके साथ ही, यह भी सुनिश्चित होता है कि पहले चरण के मतदान का असर दूसरे पर न पड़े जिससे चुनाव और अधिक निष्पक्ष बनते हैं।

अगर बिहार जैसे बड़े राज्य में चुनाव 1 या 2 चरणों में शांतिपूर्वक हो सकते हैं, तो यह ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ का अर्थ है कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएँ, ताकि प्रशासनिक खर्च घटे, आचार संहिता बार-बार लागू न हो, और विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। बिहार अगर इस मॉडल को सफलतापूर्वक लागू करता है, तो यह पूरे देश के लिए एक ÷पायलट प्रोजेक्ट÷ साबित हो सकता है, जो यह दिखाए कि भारत में एक साथ चुनाव कराना अब व्यावहारिक रूप से संभव है।

एक चरण या दो चरणों में चुनाव होना केवल तकनीकी व्यवस्था नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक स्थिरता और चुनावी सुधारों के नए युग की दिशा में कदम है। इन सुधारों और नई चुनावी व्यवस्थाओं का सबसे बड़ा लाभ जनता को हुआ है। अब मतदाता निडर होकर मतदान केंद्रों पर जाता है। चुनाव अब किसी भय या दबाव का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्सव का प्रतीक बन चुके हैं। मतदाता यह महसूस करता है कि उसकी आवाज़ अब वास्तव में मायने रखती है। राजनीतिक दल भी अब जनता के मुद्दों पर अधिक ध्यान देने लगे हैं, क्योंकि चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह बन चुकी है। बिहार विधानसभा चुनाव की यह नई दिशा 1 या 2 चरणों में चुनाव की मांग, नक्सलवाद का लगभग अंत, कानून-व्यवस्था की मजबूती, और टी. एन. शेषन व के. जे. राव जैसे अधिकारियों के सुधारात्मक प्रयास यह सब मिलकर एक ही बात का संदेश देते हैं कि भारतीय लोकतंत्र अब परिपक्व हो चुका है। बिहार अब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की प्रयोगशाला बन गया है। यहाँ के बदलाव पूरे देश को यह प्रेरणा देते हैं कि जब सरकार, जनता और संस्थाएँ एक साथ काम करें, तो कोई भी सुधार असंभव नहीं। बिहार के चुनावों का यह नया अध्याय यह बताता है कि भारत अब उस दिशा में आगे बढ़ रहा है जहाँ लोकतंत्र केवल चुनाव का नाम नहीं, बल्कि विश्वास, सहभागिता और विकास की भावना का प्रतीक बन चुका है।

**( लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य तथा विधि मंत्री के निजी सहायक हैं और ये उनके निजी विचार हैं )**

अध्यात्म

## दया करते समय व्यापर मत करो



हमेशा की तरह दोपहर को सब्जीवाली दरवाजे पर आई और चिल्लाई, चाची- आपको सब्जियां लेनी हैं? माँ हमेशा की तरह अंदर से चिल्लाई- सब्जियों में क्या-क्या है? सब्जीवाली- ग्वार, पालक, भिन्डी, आलू, टमाटर दरवाजे पर आकर माँ ने सब्जी के सिर पर भार देखा और पूछा- पालक कैसे दिया? सब्जीवाली- दस रुपए की एक गठी। माँ- पच्चीस रुपए में चार दो। सब्जीवाली- चाची नहीं जमेगा। माँ- तो रहने दो। सब्जीवाली आगे बढ़ गयी, पर वापस आ गई। सब्जीवाली- तीस रुपये में चार दूंगी। माँ- नहीं, पच्चीस रुपए में चार लूंगी। सब्जीवाली- चाची बिलकुल नहीं जमेगा.. और वो फिर चली गयी, थोड़ा आगे जाकर वापस फिर लौट आई। दरवाजे पर माँ अब भी खड़ी थी, पता था सब्जीवाली फिर लौट कर आएगी। अब सब्जीवाली पच्चीस रुपये में चार देने को तैयार थी। माँ ने सब्जी की टोकरी उतरने में मदद की, ध्यान से पलक कि चार गठीयाँ परख कर ली और पच्चीस रुपये का भुगतान किया। जैसे ही सब्जीवाली ने सब्जी का भार उठाना शुरू किया, उसे चक्कर आने लगा। माँ ने उत्सुकता से पूछा- क्या तुमने खाना खा लिया? सब्जीवाली- नई चाची, सब्जियां बिक जाएँ, तो किरना खरीदूंगी, फिर खाना बनाकर खाऊँगी। माँ- एक मिनट रुको बस यहाँ। और फिर माँ ने उसे एक थाली में रोटी, सब्जी, चटनी, चावल और दाल परोस दिया, सब्जीवाली के खाने के बाद पानी दिया और एक केला भी थमाया। सब्जीवाली धन्यवाद बोलकर चली गयी। मुझसे नहीं रहा गया। मैंने अपनी माँ से पूछा- आपने इतनी बेरहमी से कीमत कम करवाई, लेकिन फिर जितना तुमने बचाया उससे ज्यादा का सब्जीवाली को खिलाया। माँ हँसी और उन्होंने जो कहा वह मेरे दिमाग में आज तक अंकित है एक सीख कि तरह व्यापार करते समय दया मत करो, दया करते समय व्यापर मत करो! यह एक सच्ची और भावनात्मक कहानी है, जो हमें यह सिखाती है कि सेवा और त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाते। पूर्वज सदैव हमारे साथ रहते हैं। विश्वास, धैर्य और संस्कार ही जीवन की असली पूँजी हैं। आशा है भक्ति भारत की यह प्रेरक कहानी आपको अवश्य पसंद आई होगी।

# आत्मनिर्भर कृषि के समक्ष चुनौतियां व उनके समाधान

> **भारत आज उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां वह आने वाले दो दशकों में एक 'विकसित भारत 2047' का सपना साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस सपने का आधार केवल औद्योगिक प्रगति या तकनीकी विकास नहीं, बल्कि देश की कृषि और उसके किसान हैं। भारत की लगभग 55 प्रतिशत जनसंख्या आज भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। कृषि न केवल हमारी अर्थव्यवस्था का मूल स्तंभ है, बल्कि यह सामाजिक स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण समृद्धि की गारंटी भी है। इसलिए यदि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होना है, तो उसके किसानों को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना अनिवार्य है।**

ममता कुशवाहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार यह कहा है कि 'विकसित भारत के निर्माण में किसान ही प्रमुख कड़ी हैं।' बीते वर्षों में सरकार ने कृषि क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, ई-नाम प्लेटफॉर्म, डिजिटल कृषि मिशन, और हाल ही में पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन जैसी पहलें इसी दृष्टि का परिणाम हैं। इन योजनाओं का लक्ष्य केवल फसल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय, उनकी उत्पादकता, और ग्रामीण रोजगार को एक नई दिशा देना है। किसानों की भूमिका केवल अन्नदाता की नहीं रही, बल्कि वे आज 'राष्ट्र निर्माता' की भूमिका में हैं। जब हम विकसित भारत की बात करते हैं, तो यह केवल उद्योग और सेवा क्षेत्र की वृद्धि तक सीमित नहीं रह सकता। भारत की समृद्धि की जड़ें गांवों में हैं, और गांवों की आत्मा किसान हैं। एक समृद्ध किसान न केवल अपने परिवार को सुरक्षित रखता है, बल्कि वह बाजार की मांग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय आय को भी गति देता है। कृषि क्षेत्र में सुधार से रोजगार सृजन, ग्रामीण उद्योगों का विकास, और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तार होता है। जब किसान की आय बढ़ती है, तो वह शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक में निवेश करता है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर सुधरता है। यही प्रक्रिया भारत के समग्र विकास को मजबूती प्रदान करती है। इस प्रकार, विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में किसान केवल सहयोगी नहीं, बल्कि परिवर्तन के वाहक हैं।

'आत्मनिर्भर कृषि' का अर्थ केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक दृष्टिकोण है जिसमें किसान को संसाधनों, तकनीक, और बाजार तक समान पहुंच मिले। आत्मनिर्भर कृषि वह स्थिति है, जब किसान उत्पादन से लेकर विपणन तक हर चरण में स्वावलंबी हो और बाहरी कारकों पर उसकी निर्भरता न्यूनतम हो। सरकार की हाल की पहलें इसी दिशा में अग्रसर हैं। पीएम धन-धान्य कृषि योजना का उद्देश्य पिछड़े जिलों में सिंचाई, भंडारण और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना है, ताकि हर खेत में उत्पादकता बढ़ सके। वहीं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन दाल उत्पादन को बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम करने की रणनीति है। इन योजनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार कृषि को आत्मनिर्भरता की रीढ़ के रूप में देख रही है।

यद्यपि भारत ने कृषि में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं, फिर भी आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में कई गंभीर चुनौतियां मौजूद हैं। सबसे बड़ी समस्या भूमि जोतों का छोटा होना है। आज भारत में अधिकांश किसान छोटे या सीमांत किसान हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से भी कम भूमि है। इतनी कम भूमि पर आधुनिक तकनीक या बड़े पैमाने पर निवेश करना कठिन होता है। दूसरी चुनौती है जलवायु परिवर्तन और अनिश्चित मौसम। अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और तापमान में उतार-चढ़ाव ने फसल उत्पादन को अस्थिर बना



दिया है। जल संकट भी एक बढ़ती चिंता है- देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है, जिससे सिंचाई मुश्किल होती जा रही है।

तीसरी प्रमुख चुनौती बाजार तक पहुंच और उचित मूल्य की है। किसानों को अक्सर अपनी उपज को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है, क्योंकि भंडारण और परिवहन सुविधाओं का अभाव है। मंडी प्रणाली में बिचौलियों का दबदबा किसानों की कमाई को सीमित कर देता है। इसके अतिरिक्त, कृषि में तकनीकी पिछड़ापन, ग्रामीण ऋण तक सीमित पहुंच, और फसल विविधीकरण की कमी जैसी समस्याएं भी आत्मनिर्भर कृषि के मार्ग में बाधा हैं। युवा पीढ़ी का कृषि से विमुख होना भी चिंता का विषय है, क्योंकि खेती को आज भी परंपरागत और कम लाभकारी माना जाता है।

भारत यदि आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, तो इसके लिए तीन स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं- नीतिगत सुधार, तकनीकी नवाचार, और सामाजिक-संस्थागत सहयोग। सबसे पहले, भूमि प्रबंधन और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप और स्प्रिंकलर), वर्षा जल संचयन, और जल पुनर्भरण परियोजनाएं जलवायु संकट से निपटने में सहायक होंगी। साथ ही, मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड योजना और जैविक खेती को व्यापक रूप से लागू कर भूमि की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। दूसरा समाधान है तकनीकी एकीकरण। डिजिटल कृषि, ड्रोन आधारित फसल निगरानी, स्मार्ट सिंचाई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मौसम पूर्वानुमान किसानों को सटीक जानकारी और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करेंगे। इसके लिए सरकार को निजी क्षेत्र और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी बढ़ानी चाहिए।तीसरा पहलू है बाजार सुधार और मूल्य स्थिरता। किसानों को ई-नाम प्लेटफॉर्म, फार्म-टू-मार्केट कनेक्टिविटी, और भंडारण व कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलनी चाहिए। इससे बिचौलियों की भूमिका घटेगी और किसानों को सीधे उपभोक्ता से उचित मूल्य मिलेगा। इसके अतिरिक्त, किसान उत्पादक संगठन को मजबूत बनाना आवश्यक है, ताकि छोटे किसान सामूहिक रूप से उत्पादन, विपणन और निर्यात कर सकें। सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा, कृषि बीमा का सरलीकरण, और ग्रामीण युवाओं के लिए एग्री-स्टार्टअप प्रशिक्षण जैसी पहलों से कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाया जा सकता है।आत्मनिर्भर कृषि का अर्थ केवल उत्पादन में वृद्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन में समृद्धि और स्थायित्व लाना है। जब कृषि आत्मनिर्भर होगी, तो इससे ग्रामीण उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, हैंडलिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में भी नए रोजगार सृजित होंगे। इससे गांवों से शहरों की ओर पलायन में कमी आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की नई दिशा मिलेगी। सरकार की पहलें 'कृषि से उद्योग तक' की कड़ी को मजबूत कर रही हैं, जिससे किसान उत्पादन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन के लाभ में भी भागीदार बन सके। यह मॉडल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि भारत को वैश्विक कृषि निर्यातक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की क्षमता भी रखता है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब उसका किसान आत्मनिर्भर, सशक्त और सम्मानित होगा। सरकार की योजनाएं और सुधार इस दिशा में एक ठोस नींव रख रहे हैं, लेकिन इसके सफल क्रियान्वयन के लिए समाज, उद्योग और प्रशासन- सभी की साझा जिम्मेदारी बनती है।आत्मनिर्भर कृषि केवल आर्थिक नीतियों का हिस्सा नहीं, बल्कि यह भारत के भविष्य की पहचान है। जब हर किसान तकनीक से सशक्त होगा, हर खेत में सिंचाई की सुविधा होगी, और हर ग्रामीण परिवार समृद्ध होगा, तभी भारत 2047 तक वास्तव में एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी योजना में अपेक्षा से अधिक धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा होना होगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथियों से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपको बेवजह का तनाव बना रहेगा।

**कर्क**
आज आपको व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करनी होगी। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी दिखानी होगी।

**कन्या**
व्यापारियों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। काम थोड़ा सोच समझकर करने होंगे। किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए कुछ नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ पुराने लोगों से मुलाकात होगी। आपके कामों से आपकी एक नई पहचान मिलेगी।

**मकर**
आपके प्रतिद्वंदी भी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मीन**
आज का दिन सुखमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय जनता दल से लल्लू मुखिया ने भरा अपना नामांकन पर्चा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया ने अपना नामांकन पर्चा निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया।



इस दौरान काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे। लल्लू मुखिया ने कहा कि उनका सपना बाढ़ को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का है ।इसे पूरा करने की तरफ वह बढ़ रहे है। उन्हें लोगों का लगातार समर्थन मिल रहा है।

### बिजली चोरी में मिल कारोबारी पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के सादिकपुर गांव में बिजली विभाग ने छापामारी कर आटा चक्की मिल में बाईपास कर बिजली चोरी करने का मामला पकड़ा है ।इसको लेकर मिल कारोबारी गोपाल साव पर 40 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है ।कारोबारी ने मेन सर्विस वायर में स्मार्ट मीटर से पहले तार छीलकर बिजली चोरी किया जा रहा था ।

### नाबालिक का अपहरण, बेचने की धमकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने शादी की नीयत से नाबालिक किशोरी का अपहरण कर लिया, जब वह अपने घर से गोलगप्पा खाने के लिए निकली थी। इसी दौरान प्रह्लाद सहित पांच लोगों ने घटना को अंजाम दिया। सभी नालंदा जिले के रहुई थाना अंतर्गत पाचे टावर इलाके के निवासी हैं ।पीड़ित महिला का कहना है कि उसकी पुत्री को बेच देने की धमकी आरोपी ने फोन पर दी है। इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है ।वहीं दूसरी तरफ सादिकपुर गांव में मालती देवी को आपसी रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। पुलिस जांच कर रही है ।

### तार से फांसी लगाकर हत्या करने की कोशिश

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुनीचक गांव में कुछ लोगों ने आपसी रंजिश में मारपीट करते हुए राजीव कुमार की गर्दन में तार का फंदा लगाकर हत्या करने का प्रयास किया। हालांकि पीड़ित द्वारा विरोध किया गया, तब आरोपी धर्मेंद्र लाल ने दांत से राजीव की एक उंगली को चबाकर जख्मी कर दिया ।जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस के सामने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओल्ड हाईवे पर मलाही गांव के पास स्थित एक ढावा के पास पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के सामने ही दौड़ा-दौड़ा कर कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। पुलिस पूरी तरह मूकदर्शक बनी रही। बताया जाता है कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। ढाबा के सामने जीप में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# महावीर मंदिर पूजा करने गये जन सुराज के प्रत्याशी हो गये गायब

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नामांकन के अंतिम दिन दानापुर विस क्षेत्र के जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी सह भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह वैश्य के युवा नेता अखिलेश कुमार उर्फ मुटूर साव नामांकन के पहले अपने सहयोगियों के साथ पटना स्थित महावीर मंदिर में पूजा अर्चना करने के दौरान गायब हो गये. उनका मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया. तकियापर स्थित मैरेज हाल में बैठे उनके कार्यकताओं बार-बार उनके मोबाइल पर फोन किया जा रहा था. परंतु मोबाइल का स्वीच ऑफ बताया जा रहा था. अखिलेश के भतीजा रिंकी वालिया ने बताया कि नामांकन करने से पहले घर से अपनी गाडी से अपने करीबी सहयोगियों के साथ करीब दस बजे पटना स्थित महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना करने गये थे. परंतु जब डेढ बजे तक तकियापर स्थित मैरेज हाल में बैठे सैकडों कार्यकताओं उनके आने का इंतजार कर रहे थे. नामांकन करने के लिए जीप को दुल्हन की तरह सजाया कर उनके आने का इंतजार किया जा रहा था. जब डेढ बजे तक वह मैरेज हाल नही पहुंचे तो उनके समर्थकों तरह-तरह के कयास लगाने लगे. उनके करीबी समर्थकों द्वारा उनके मोबाइल फोन किया

#### मोबाइल बंद हो गया, समर्थक वापस लौट गये

तो स्वीच ऑफ बताया गया. बार-बार कार्यकताओं द्वारा फोन किया जा रहा था. परंतु अखिलेश का मोबाइल बंद मिल रहा था. जिससे कार्यकताओं में मायूसी छा गया और कार्यकताओं मायूस होकर मैरेज हाल से जाने लगे . अभी तक प्रत्याशी नही आया है और नही फोन लग रहा है. इसी दौरान जन सुराज की टीम द्वारा व्हाट्सएप पर एक मैसेज वायरल किया जाने लगा कि दानापुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी अखिलेश कुमार के अचानक गायब हो गए. उन्हें अगवा किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं. अखिलेश चुनाव के लिए आज अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे थे. उसके बाद से उनके गायब होने की सूचना है. जानकारों का कहना है कि भाजपा के नेताओं द्वारा उनको कोई बड़ा ऑफर दिया गया है. जिसके कारण वह नामांकन के लिए चुनाव मैदान छोड़ कर भाग गए.

## दानापुर विस क्षेत्र : नामांकन के अंतिम दिन, दानापुर विस से 12 मनेर विस से 10 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को दानापुर विस क्षेत्र से 12 और मनेर विस क्षेत्र से 10 प्रत्याशियों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किया गया है. दानापुर विधानसभा क्षेत्र से रघुवीर महतो, शाहबाज मल्लिक , प्रभाकर चौबे, जनशक्ति जनता दल से पप्पू राय, जागरूक जनता पार्टी से पत्रकार सन्नी कुमार शर्मा , राज कुमार ,ब्रजेश कुमार धीरज , बर्षा, पूजा आर्या ,पवन कुमार , किरण सिंह व रिजवाना प्रवीण ने निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ दिव्या शक्ति के समक्ष पर्चा दाखिल किया है और मनेर विस क्षेत्र से जनशक्ति जनता दल से शंकर कुमार , लोजपा (रा) से जितेंद्र यादव ,जन सुराज पार्टी से संदीप कुमार सिंह , इंसानियत पार्टी से मंतोष कुमार सिंह , निर्दलीय गुडिया कुमारी ,चंद्रशेखर महतो, मुकेश कुमार ,सन्नू देवी, मंजू देवी व कामेश्वर कुमार ने निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रवीण चंदन के समक्ष पर्चा दाखिल किया है. निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मनेर विस क्षेत्र से कुल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है. निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन दानापुर विस क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है.

## दानापुर विस चुनाव को लेकर अनुमंडल में पहुंचे सामान्य प्रेक्षक व व्यय प्रेक्षक

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर व मनेर विस क्षेत्र के लिए सामान्य व व्यय चुनाव प्रेक्षक पहुंचे. दानापुर विस चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक आईएएस गौरी शंकर प्रियदर्शी और मनेर विस चुनाव के लिए सामान्य चुनाव प्रेक्षक आलोक कुमार पाण्डेय को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया है. व्यय प्रक्षेक दानापुर मनेर विस चुनाव के लिए हर्षद सदाशिव आराधी पहुंचे है. दोनों प्रक्षेकों ने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण किया और साथ ही सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को चुनाव संबंधित जानकारी दी. वही व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रशिक्षण दिया. कोषांग में कार्यरत टीम ओएस , एसएसटी , वीवीटी और वीएसटी को निर्देश दिया है कि चैकान्ना रहते हुए निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गतिविधि पर सूक्ष्म निगरानी रखी जाये. प्रत्याशियों के चुनाव में खर्च के अधिकतम सीमा पर निगरानी की जाएगी . साथ ही एसएसटी और एफएसटी टीम में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गुजरने वाले वाजनों का सघन जांच की जाए . जिससे चुनाव को प्रभावि करने के उद्देश्य नकदी राशि , शराब व मतदाता को प्रलोभित करने के लिए बांटे जाने वाली सामग्री पर कडी नजर रखी जा सकें.

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers,social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - **Bhartiya Janta Party**
*Name of the Election: - **Bihar Legislative Assembly Election 2025**
Name of State/UT: - **Bihar**
Name of the Constituency:-**186, Danapur**
Name of the Candidate:- **Sri Ram Kripal Yadav**

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | Section 143,145 & 188 IPC | Section 147, 149, 188, 323, 324, 337, 338, 353 IPC |
| | b | Case no. | Masuarhi P.S. Case No. 128/2014 | Patna Kotwali P.S. 516/2023 |
| | c | Name of the Court | ACJM, Masuarhi. | CJM, Patna. |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | He is the most accessible leader to any common man. He was MLC in 1992, MP for Lok Sabha from Patna constituency in 1993, 1996, and 2004. He became MP Rajya Sabha in 2010 and again MP Lok Sabha in 2014 and Union MOS for Rural Development. The case against him are baseless. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selectedas candidates (not more than 100 words) | He has extensive political experience spanning over 3 decades. His accessibility to the common man and popularity have given him an edge over other candidates. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Party)

# जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में 'कोड ब्लैक' पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन

## एटीएस, एसटीएफ, बिहार पुलिस और फायर सर्विस की सक्रिय भागीदारी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में ह्लकोड ब्लैकह्व पर मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई. यह अभ्यास बिहार प्रशासन, एटीएस, एसटीएफ, बिहार पुलिस और फायर सर्विस के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य आतंकी हमले या बम धमकी जैसी आपात स्थितियों में अस्पताल की तत्परता और समन्वय की जांच करना था. मॉक ड्रिल दो चरणों में हुई- पहले चरण में टेबल टॉप सिमुलेशन और दूसरे में फुल स्केल ऑपरेशनल ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें अस्पताल के सभी विभागों, सुरक्षा टीम, आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और फायर मार्शल टीम ने सक्रिय भागीदारी की. एडिशनल एसपी मो तनवीर अहमद, एटीएस ने बताया कि इस ड्रिल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में अस्पताल की सुरक्षा टीम, प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियां मिलकर तुरंत और प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें. डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर ने कहा कि मेदांता न सिर्फ चिकित्सा सेवाओं में, बल्कि आपातकालीन प्रतिक्रिया और सुरक्षा प्रबंधन में भी सर्वोच्च मानक बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इस अभ्यास में अस्पताल की सुरक्षा टीम के साथ जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, एटीएस, एसटीएफ और फायर सर्विस की टीमें मौजूद रहीं.इस अवसर पर डिप्टी एसपी अशोक पांडेय, अमोद कुमार (हेड सिक्योरिटी) समेत कई अधिकारी शामिल थे.

## सम्पत चक में कुत्ते के बच्चे जैसा दिखने वाला चमगादड़ मिला



**फुलवारीशरीफ/संपतचक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के संपतचक क्षेत्र स्थित सोना गोपालपुर हनुमान मंदिर के पास देर शाम एक अनोखा चमगादड़ गिरा, जिसका चेहरा छोटे कुत्ते के बच्चे जैसा दिख रहा था. मंदिर के पुजारी वेद प्रकाश ने इसे पकड़ लिया, जिससे इलाके में उत्सुकता और हैरानी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने इतने बड़े और असामान्य चेहरे वाला चमगादड़ पहले कभी नहीं देखा. कुछ लोगों का मानना है कि यह हनुमान जी के दर्शन के लिए आया था, जबकि अन्य का कहना है कि यह घायल होकर गिरा था. चमगादड़ की बड़ी नाखून और असामान्य आकार को देखकर कई लोग इसे देखने के लिए मंदिर पहुंचे, और यह विषय संपतचक पूजा कोतवाल तक पहुँच गया. इस अनोखी घटना ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है. भाई दीपावली के मौके पर इस अनोखे बड़ा चमगादड़ को देखने के लिए लोग वहां पहुंच गए बड़ी संख्या में और लोग पूजा पाठ भी करने लगे हालांकि पुजारी देने उसे वही की एक पेड़ पर छोड़ दिया.

# हिमालय इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नर्सिंग प्रांगण में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली एवं दीया प्रतियोगिता का सफल आयोजन






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिमालय इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, नर्सिंग (खेमनीचक) में आज दीपावली की पौनी बेला पर रंगोली एवं दीया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आकर्षक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन डॉ उमा शंकर सर, निर्देशक महोदय डॉ रामचंद्र साव सर, प्राचार्या (नर्सिंग) उषा कुमारी, प्राचार्य (पैरामेडिकल) डॉ. सचिन्द्र नारायण पाण्डेय, उपप्राचार्या एलीना चौधरी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अन्य शिक्षकगण जैसे समीक्षा किशोर, संदीप क्रांति, अभिषेक आनंद, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, अनुराग कुमार, अमित कुमार, मनीषा कुमारी एवं प्रीति कुमारी ने अपने स्नेह व समर्थन से आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों में श्वेता सिन्हा, आरती कुमारी, सुरत कुमारी, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, माधवेन्द्र पाण्डे, कुलदीप कुमार, अमित राज सहित अनेक सम्मानित सदस्य एवं कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा द्वारा रंगोली को मनोहारी रूप से सजाया तथा दीप प्रज्वलन कर दीपावली की दिव्यता का भाव को भी फीका नहीं पड़ने दिया। इस आयोजन से न सिर्फ छात्र-छात्राओं में सौंदर्यबोध एवं टीम भावना की वृद्धि हुई, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता एवं रचनात्मकता की प्रेरणा भी मिली। कार्यक्रम के पश्चात प्राचार्या (नर्सिंग) उषा कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल उत्सों को जीवंत बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक समन्वय को भी सशक्त करते हैं। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी भागीदारी एवं उत्साह ने इस दीपावली को विशेष बनाया। निष्कर्षः यह आयोजन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, शिक्षकगण, एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के कारण अत्यंत सराहनीय एवं सफल रहा।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 116 - TARAIYA
Name of the Candidate:- SHRI JANAK SINGH

| Sl. No | | Criminal Antecedents | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 147, 341, 323 IPC | U/S 188 IPC & 7/9 LOUD SPEAKERS ACT | U/S 353, 504, 506, 385 IPC | U/S 435, 379, 504 IPC | u/s 174 Railway Act. |
| | b | Case no. | CHAPRA TOWN PS Case no.223/01 | ISUAPUR PS Case no.85/05 | CHAPRA MUFASSIL Case no.266/13 | C. No. 1556/18 | मु.अ.स. 691 / 14 सोनपुर रेल |
| | c | Name of the Court | ACJM I, Spl. Judge SARAN | ACJM VIII, SARAN, CHAPRA | Sri Yatendra Singh JM SARAN | Sri Yatendra Singh JM SARAN | ACJM I, Spl. Judge, Saran |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes 14.07.2025 | Yes 23.05.2012 | No | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a Kisan leader and has been elected twice in the Bihar Legislative Assembly in the year 2005 and 2010. He has worked for the people in his area and raised his voice for state highway. He also worked for the construction of rural roads by recommending in RWD and it was constructed in his area. | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | All the cases against him are due to political rivalry as he is Kisan leader. The trial in all of them is going on but the witnesses are not supporting the cases against Shri Janak Singh. In view of the contributions made by him in his area and in the district of Saran, the Party has decided to field him as its candidate. | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# गया नगर विधानसभा से डॉ. प्रेम कुमार ने किया नामांकन

## जनसभा में गोवा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री और एनडीए प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार का नामांकन समारोह शुक्रवार को भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। डॉ. प्रेम कुमार ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और समर्थकों के साथ गया नगर विधानसभा से निर्वाचन कार्यालय जाकर नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षा गृह सभा स्थल पर भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी ने की, संचालन उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रौनक सेठ ने प्रस्तुत किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया मोक्ष, ज्ञान और मां मंगला गौरी की पावन धरती है। उन्होंने कहा कि गयाजी सनातन आस्था और पौराणिक संस्कृति का केंद्र है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने गया के सर्वांगीण विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि गया रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, पर्यटन विकास और अन्य योजनाओं से शहर का स्वरूप बदला है। गया-बोधगया कॉरिडोर परियोजना का डीपीआर तैयार हो चुका है जिसे उज्जैन महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके साथ गया मेट्रो परियोजना भी अंतिम चरण में है, जो शहर के यातायात को सुगम बनाएगी। घुघड़ीताड़ फ्लाईओवर और बागेश्वरी गुमटी पर आरओबी निर्माण से जाम की समस्या से राहत मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने अमृतसर-गया-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर की चर्चा करते हुए कहा कि इससे मगध क्षेत्र में रोजगार और उद्योग के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर भी बल दिया और कहा कि यह नामांकन नहीं, बल्कि गया के विकास, सुशासन और विश्वास की यात्रा का नया अध्याय है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गयाजी सनातन संस्कृति और आस्था का केंद्र है। उन्होंने डॉ. प्रेम कुमार को एनडीए प्रत्याशी के रूप में शुभकामनाएं दीं और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने गयावासियों को चुनाव के बाद गोवा आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने वैश्विक स्तर पर सशक्त पहचान बनाई है और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले का बिहार 'जंगलराज' का प्रतीक था, लेकिन आज का बिहार विकास की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार का बजट अब झारखंड से भी बड़ा है और डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है – 'विकसित बिहार, विकसित भारत।' कार्यक्रम में उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, एनडीए गठबंधन दलों के जिला अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# डीएम ने आरओ एवं एआरओ के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी (प्रखंड विकास पदाधिकारी) बीडीओ के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को बैठक करते हुए कई निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत जितने भी मतदान केंद्र हैं उनके रंग रोगन, एएमएफ सुविधा अर्थात रैंप, बिजली, पानी, रोशनी, शेड, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था हर हाल में करवा लें। इसके अलावा हर मतदान केंद्र पर मतदान केंद्र संबंधित विवरणी का पेंटिंग तेजी से करवायें। किस मतदान केंद्र पर कितने बजे तक वोटिंग होगी, इसकी भी जानकारी बूथ पर पेंटिंग के माध्यम से अंकित करवायें। डीएम ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिए हैं कि चुनाव कार्य में लगे कर्मियों द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान हर हाल में फार्म 17 सी कैसे भरना है इसकी समुचित प्रशिक्षण हर हाल में करवा चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि हर मतदान पदाधिकारी को 17 सी फॉर्म भरकर जमा करना होगा। इसके लिए प्रशिक्षण हर एक कर्मियों को अच्छे से देना होगा। डीएम ने बताया कि प्रेसिडिंग ऑफिसर एप्लीकेशन (प्रो ऐप्स) को हर दिन अच्छे से डाटा अपलोड करना होगा यदि किसी मतदान केंद्र के स्तर पर से एप्लीकेशन में डाटा अपलोड करने में समस्या आ रही है या नेटवर्क की कोई समस्या है तो इसकी लिखित सूचना अभी से ही उपलब्ध करवा दें। ताकि जिला स्तर पर सभी नेटवर्क प्रोवाइडर के साथ बैठक कर उन संबंधित मतदान केंद्र जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है उन मतदान केन्द्रों पर नेटवर्क सुविधा बेहतर करवाया जा सके। डीएम ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सभी मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत वेबकास्टिंग किया जाना है, हर निर्वाची पदाधिकारी के कंट्रोल में 03-03 टीवी के माध्यम से उनके सभी मतदान केंद्रों की मतदान संबंधित निगरानी रखी जायेगी, इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास भी एक कंट्रोल रूम का सेटअप बनाया जा रहा है जिसमें सभी 10 विधानसभा के सभी बूथों की वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के माध्यम से नामित सभी चुनाव प्रेक्षक गण कल गया जिले में आ जाएंगे। सभी निर्वाची पदाधिकारी अपने-अपने प्रेक्षक को अपने विधानसभा में क्या-क्या तैयारी की गई है, उसकी जानकारी हर हाल में उपलब्ध करवाएंगे। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं अपने क्षेत्र में एफएसटी एवं एसएसटी टीम के माध्यम में सभी नाका, टोल, चेकिंग पॉइंट, मार्किट एरिया आदि में रोको टोको सघन वाहन जांच अभियान चलाए। इसके पश्चात समाहरणालय परिसर में बनाये गए निर्वाचन व्यय कोषांग में डीएम पहुच कर एसएसटी टीम द्वारा नाकों/ चेकिंग पॉइंट पर किये जा रहे वाहन जांच की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 39 की संख्या में एसएसटी के नाका/ चेकिंग पॉइंट बनाया गया है जहां सीसीटीवी भी लगाए गए हैं, उन सीसीटीवी की मॉनिटरिंग यही से की जा रही है जिसका अवलोकन डीएम द्वारा किया गया।

# वर्दीधारी फर्जी अधिकारी बन कर रहा था वसूली, हुआ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी थाना क्षेत्र से वर्दीधारी फर्जी अधिकारी गिरफ्तार, मवेशी वाहनों से कर रहा था वसूली। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला 16/10/2025 दिन गुरुवार की है। इस मामले की पुष्टि करते हुए प्रभारी डोभी थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि डोभी मोड़ के पास एक व्यक्ति वर्दी पहनकर स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर आने-जाने वाली मवेशी गाड़ियों से अवैध रूप से पैसे की वसूली कर रहा है। सूचना के आधार पर संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई। समय करीब 3:30 बजे पुलिस दल डोभी मोड़ के पास पहुंचा जहां एक व्यक्ति तीन स्टार लगी वर्दी, जूता और बेरेट कैप पहने हुए एक चॉकलेट रंग की मारुति कंपनी की कार के साथ खड़ा मिला। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम शैलेंद्र कुमार सिंह, पिता रवींद्र नारायण सिंह, ग्राम-ब्रह्मपुर, थाना-ब्रह्मपुर, जिला-मुजफ्फरपुर बताया और स्वयं को एसपीसीए निरीक्षक बताते हुए गया जिले में तैनात सरकारी अधिकारी होने का दावा किया जब उनसे पहचान पत्र या तैनाती से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका और झूठ बोलकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। उसके बाद थाना लाकर गहन पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि शैलेंद्र कुमार सिंह किसी भी सरकारी पद पर कार्यरत नहीं हैं। वे फर्जी वर्दी पहनकर आम जनता एवं मवेशी परिवहन करने वालों से

# मोदीडीह में छात्र की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के फतेहपुर प्रखंड के मोदीडीह गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र यादव के छोटे पुत्र संतु कुमार के रूप में हुई है। संतु स्कूल से लौटने के बाद घर में बस्ता रखकर अपनी मां को ढूंढ रहा था। मां के घर पर न मिलने पर वह अपने एक दोस्त के साथ गांव के पास स्थित आहर (तालाब) में नहाने चला गया। नहाने के दौरान संतु गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसे डूबते देख उसका साथी गांव में जाकर शोर मचाने लगा। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और संतु की खोज शुरू की। काफी तलाश के बाद गुरुवार देर शाम ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन उसे सीएचसी फतेहपुर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद संतु को मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजनों ने संतु का अंतिम संस्कार गांव के पास ही कर दिया। इस घटना की सूचना अब तक फतेहपुर थाना या अंचल अधिकारी को नहीं दी गई है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता का प्रतीक गृहविज्ञान दीपावली मेला : प्रो. एस. पी. शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर गृहविज्ञान विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को दीपावली मेले का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस वर्ष मेले का विषय स्वावलंबन रखा गया जिसके अंतर्गत छात्राओं ने दीपावली से संबंधित हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री और पौष्टिक खाद्य व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मेले का उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पी. शाही, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) बी. आर. के. सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) बृजेश कुमार राय तथा कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार मंगलम ने फीता काटकर और स्टॉलों का अवलोकन कर किया। उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, रचनात्मक सोच और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं। गृहविज्ञान विभाग ने परंपरा और पोषण को जिस सुंदरता से जोड़ा है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने छात्राओं की उद्यमशीलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रति कुलपति प्रो. बी. आर. के. सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संगठन, नेतृत्व और संवाद-कौशल को विकसित करते हैं और विश्वविद्यालय में समग्र शिक्षा की भावना को सशक्त बनाते हैं। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने इसे विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया तथा कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देता है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. बृजेश कुमार राय ने छात्राओं द्वारा तैयार मिलेट-आधारित व्यंजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग ने परंपरा और विज्ञान का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया है जो स्वास्थ्य और स्वाद दोनों के दृष्टिकोण से अनुकरणीय है। इस वर्ष के मेले का मुख्य आकर्षण रहा मिलेट (श्रीअन्न) से तैयार पौष्टिक व्यंजन। छात्राओं ने मिलेट गोलगप्पा, फ्रूट चाट, झालमूरी, वेज बिरयानी, पास्ता, निंकी, मद्वी और बादाम शेक जैसी स्वादिष्ट सामग्रियां प्रस्तुत कीं जिन्हें आगंतुकों ने खूब सराहा। दीपावली सजावट से जुड़ी वस्तुओं की प्रदर्शनी ने भी विशेष ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं ने मिट्टी के दीये, रंगोली डिजाइन, टॉरन, कैंडल होल्डर, बैंडनवार, रिबन-क्राफ्ट, उपहार पैकिंग और ग्रीन डेकोर प्रोडक्ट्स प्रदर्शित किए। साथ ही देवी-देवताओं और महापुरुषों के चित्रों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विभाग की प्रभारी डॉ. दीपशिखा पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. जावेद अंजुम, डॉ. मुकेश कुमार, प्रो. वर्मा, प्रो. पियूष कमल सिन्हा, डॉ. सुषमा कुमारी, डॉ. अस्मिता कुमारी, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. परम प्रकाश, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. अंबे कुमारी और डॉ. किरण सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जूही मिश्रा, मानसी जैन, अनिता कुमारी, निशा कुमारी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 83, Darbhanga
Name of the Candidate:- Shri Sanjay Saraogi

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/s 143 IPC & s.174 Railways Act | U/s143, 353, 342, 149 भा.द.वि. | U/s 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338, 353 भा.द.वि. |
| | b | Case no. | DBG(GRP) थाना कांड सं. 23 / 2025 | नगर थाना कांड सं. 230 / 2013 | कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 516 / 23 |
| | c | Name of the Court | स्पेशल जज एम.पी. / एम.एल.ए न्यायलय समस्तीपुर | स्पेशल जज एम.पी. / एम.एल.ए न्यायलय दरभांगा | सी.जे.एम. कोर्ट, पटना |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He has been an MLA from the year 2005 and is the sitting MLA of Darbhanga. He is a highly educated man and an economist. He has been consistent in his efforts of the upliftment of the underprivileged and developmental work in his constituency. | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature and mostly relate to election. The Party has preferred to field him as its candidate over any other person looking at his consistent contribution to the society and the party. | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 62, Purnea
Name of the Candidate:- Shri Vijay Kumar Khemka

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 188/147/149/323/324/337/338 and 353 IPS |
| | b | Case no. | Case No.- 516/23, 13.07.2023 |
| | c | Name of the Court | Kotwali (Patna) CJM , Patna |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Not required |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | Shri Vijay Kumar Khemka is a sitting MLA and down rooted person who has a great contribution towards the overall development of Purnia Constituency. He always spends time with the people of his constituency and personally pays his attention towards the problems of the people of his constituency. During his time span the constituency of Purnia has developed as education as well as medical hub in the country. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | Only case against Shri Vijay Kumar Khemka is related to elections and appears to be lodged because of political rivalry. Considering his contribution and dedication towards the constituency of Purnia, he has been once again selected by party as candidate of Purnia Constituency. |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**ई–खुली निविदा संख्या : एसजी–डब्ल्यू–दानापुर–ओटी–2025–26–03**

आईआरईपीएस पर निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **क्र.सं.: i), कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि :** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के अन्तर्गत पटना (पीएनबीई) (पटना रहित)–जहानाबाद (जेएचडी) (जहानाबाद रहित) और बेला (बीईएलए) (बेला रहित)–गया (जीएवाईए) (गया रहित) (लगभग 65 किलोमीटर) के मध्य स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग की रचना, निर्माण, आपूर्ति, प्रतिष्ठापन, परीक्षण एवं कमीशनिंग संबधित कार्य। खण्ड (दानापुर मंडल)। चौबीस (24) महीने।, **क्र.सं.: ii), अनुमानित लागत :** रू. 81,71,38,472.87 (ईकासी करोड़ एकहत्तर लाख अड़तीस हजार चार सौ बहत्तर रूपये सत्तासी पैसे मात्र)।, **क्र.सं.: iii), बीड सिक्युरिटी :** रू. 4235700.00, **क्र.सं.: iv), निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय :** 14.11.2025 अपराह्न 15.00 बजे तक एवं 14.11.2025 अपराह्न 15.30 बजे।, **क्र.सं.: v), वेबसाईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके :** www.ireps.gov.in प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, दानापुर के कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर

पीआर/1168/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/44



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**No. MEMUGAYA-BULKRSP2526-VSSR**

व० म० या० अभि० (समाडी)/पूर्व मध्य रेल/डी डी यू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई–निविदा सं० MEMU GAYA-BULKRSP2526-VSSR दिनांक 13/10/2025 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसक्न विवरण निम्न है :– **(1) कार्य का विवरण:** Provision of CCTV system in 200 coaches of EMU/ MEMU/DMUs as per RDSO Spec. RDSO/ SPN/TC/106/2025, version 3.1 or latest. **(2) कार्य का अनुमानित मूल्य:** Rs. 8,47,47,600.00/– रुपया आठ करोड़ सैंतालीस लाख सैंतालीस हजार छह सौ मात्र **(3) धरोहर राशि:** Rs. 5,73,700.00/– रुपया पाँच लाख तिहत्तर हजार सात सौ मात्र **(4) निविदा फॉर्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय तथा तिथि:** ई–निविदा दिनांक 20.10.2025 से 03.11.2025 तक समय 15:00 बजे तक **(5) वेबसाईट तथा सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फॉर्म खरीदने का पता:** IREPS website: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। **नोट–** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

मं० वि० अभि० (मेमू शेड/गया)
पूर्व मध्य रेल/डी डी यू

पीआर/1173/मेमू शेड गया/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

# जहानाबाद पहुंचे प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी एनडीए प्रत्याशियों को दिया समर्थन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार सरकार के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी जहानाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित सम्मान सह समर्थन समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जहानाबाद और घोसी विधानसभा के एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में भी भाग लिया। बता दें कि जहानाबाद विधानसभा सीट से चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तथा घोसी विधानसभा सीट से ऋतुराज ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर भारी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि हमारा लक्ष्य बिहार को विकास के रास्ते पर आगे ले जाना है। इसके लिए जनता का साथ और सहयोग आवश्यक है। मुझे विश्वास है कि जहानाबाद की जनता एनडीए उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने 'जंगल राज' के दौर की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय युवाओं और महिलाओं का शोषण होता था तथा समाज में भय का वातावरण व्याप्त था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है और जनता भयमुक्त वातावरण में जीवन जी रही है।इस अवसर पर पूर्व सांसद अरुण कुमार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जंगल राज के समय लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन एनडीए सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। समारोह में जिले के कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान माहौल पूरी तरह उत्साह और जोश से भरा रहा।

## जीविका दीदियों ने डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार जहानाबाद जिला अंतर्गत शुक्रवार को 218 मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र की जीविका दीदियो के द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु संगोष्ठी एवं डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में जय भारत जीविका संगठन के जीविका दीदियों द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान जीविका दीदियों ने जनसमुदाय को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया और सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जीविका दीदियों ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए लोगों को 11 नवंबर 2025 को अपने मत का अधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी को प्रेरित किया।

# जहानाबाद विधानसभा सीट से पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने दाखिल किया नामांकन, जनता से मांगा समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत नामांकन प्रक्रिया जोर पकड़ चुकी है। इसी क्रम में 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ अनुमंडल कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने फूल-मालाओं और नारेबाजी के बीच अपने नेता का जोरदार स्वागत किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में चंद्रवंशी ने जहानाबाद की जनता से भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि मैं जहानाबाद की जनता से निवेदन करता हूं कि पिछली बार की गलतियों को माफ करें (सांसद रहते) और इस बार मुझे अपना प्यार और समर्थन दें। मैं वादा करता हूं कि जो भी कार्य अधूरे रह गए थे, उन्हें इस बार पूरा करूंगा।

उन्होंने बताया कि उनके पिछले कार्यकाल में(सांसद रहते) राजा बाजार अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा किया गया, जिससे शहर के यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार



हुआ। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने पुनः मौका दिया, तो एनडीए सरकार के सहयोग से अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।चंद्रवंशी ने कहा कि उनका संकल्प जहानाबाद को रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में नई दिशा देना है। उन्होंने कहा मेरा सपना है कि जहानाबाद का हर गांव विकास की रोशनी से जगमगाए और यहां के युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिलें। नामांकन के दौरान प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। मौके पर शांतिपूर्ण माहौल रहा, वहीं समर्थकों में उत्साह और जोश देखने को मिला।

## मतदान के लिए संकल्पित हुए लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र मदनपुर प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सेविकाओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदाताओं को समझाया कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक अहम कदम है। सेविकाओं ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाना है, तो 11 नवंबर को मतदान केंद्र ज़रूर जाना है। सेविकाओं ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर नागरिक का वोट लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वे आगामी चुनाव में सक्रिय रूप से मतदान करेंगे।

# दुधेश्वर बाबू से प्रेरणा लें युवा अधिवक्ता : प्रधान जिला जज

## दिवंगत अधिवक्ता दुधेश्वर प्रसाद की पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं ने किया श्रद्धांजलि अर्पित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में शुक्रवार को प्रसिद्ध वरीय अधिवक्ता एवं पूर्व लोक अभियोजक दुधेश्वर प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की, जबकि संचालन पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। प्रधान जिला जज राजकुमार वन ने अपने संबोधन में कहा कि दिवंगत अधिवक्ता दुधेश्वर प्रसाद की जीवनी से युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुशमिजाज, कर्मयोगी और विधि व्यवसाय के प्रति ईमानदार व्यक्ति ही युवा अधिवक्ताओं के लिए आदर्श बनते हैं। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने कहा कि दुधेश्वर बाबू विशुद्ध शाकाहारी, विनम्र और अध्ययनशील व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जीवन व पेशेवर आचरण आज भी अनुकरणीय है। संघ के सचिव जगनरायण सिंह ने कहा कि दुधेश्वर प्रसाद राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रबल हिमायती थे। उन्होंने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में हिंदी के प्रयोग को सशक्त रूप से प्रचलित किया, जिसके लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि दुधेश्वर बाबू जिला विधिज्ञ संघ और अनुमंडलीय विधि संघ, दाउदनगर दोनों के अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अपने सिद्धांतों, आदर्शों और इमानदारी से कभी समझौता नहीं किया। लोक अभियोजक के पद पर रहते हुए वे न्यायप्रियता के प्रतीक थे और बाद में एक सफल बचाव पक्ष अधिवक्ता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि मधुर भाषी, स्वच्छ छवि वाले और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी दुधेश्वर बाबू का निधन 17 अक्टूबर 1996 को हुआ था, लेकिन उनकी कृतियाँ और विचार आज भी जीवित हैं। इस अवसर पर जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज पांच उमेश प्रसाद, जिला जज आठ मनीष जयसवाल, जिला जज नौ पंकज पांडेय, एसडीजेएम संदीप कुमार सिंह, मुंसिफ सौभित शौरभ, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, स्पेशल पीपी अवधेश प्रसाद सिंह, परवेज अख्तर, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, योगेंद्र प्रसाद योगी, कमला प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, अनुप शर्मा, अशोक पासवान, रामप्रवेश ठाकुर, तिलक यादव, रामाशीष यादव, अखिलेश प्रसाद सिंह, क्षितिज रंजन, सुरदर्शन यादव सिद्धार्थ, अभय कुमार सिंह, पारस प्रसाद, अशोक कुमार गुप्ता और लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने दुधेश्वर प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# स्वीप कोषांग ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिला स्वीप आइकॉन सह जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे जहानाबाद अमित कुमार के नेतृत्व में स्वीप कोषांग जहानाबाद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 58, 59 एवं 60, श्रीबिगहा में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी को यह संदेश दिया गया कि आपका वोट आपकी ताकत है, कृपया इसे न भूलें। कार्यक्रम के दौरान अमित ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अपील कि वे आगामी 11 नवंबर 2025 को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सशक्त समाज की नींव जागरूक मतदाता ही रख सकते हैं। इसलिए प्रत्येक मतदाता को यह संकल्प लेना चाहिए कि सब काम छोड़कर, पहले मतदान करेंगे। मौके पर स्थानीय मतदाताओं एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों ने भी भाग लिए।

## नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

स्वीप गतिविधि के तहत जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कई विद्यालय मे नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक प्रखंड में विद्यालय स्तर पर गीत संगीत, नृत्य नाटक इत्यादि के माध्यम से किया गया। इस संदर्भ में जहानाबाद जिले के प्रखंड जहानाबाद में मुरलीधर इंटर स्तरीय विद्यालय में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तथा श्रृंखलाबद आकृति के माध्यम से जहानाबाद के लोगों को 11 नवंबर 2025 को मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय,जहानाबाद एवं राज्य संपोषित उच्च विद्यालय की बच्चियों की भी सहभागिता रही।इस कार्यक्रम में डीपीओ, सर्व शिक्षा अभियान जहानाबाद, डीपीओ, नमामि गंगे, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जहानाबाद, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जहानाबाद, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# माता लक्ष्मी और कुबेर के अवतरण दिवस के साथ आयुर्वेद के जनक धनवंतरी के जन्मदिन पर मनाया जाता है धनतेरस

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो जहानाबाद**

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन क्षीर सागर के मंथन के दौरान ही माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर प्रकट हुए थे, इसलिए धनतेरस के दिन सोने चांदी और बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इस दिन गिफ्ट, सजावट का सामान, लक्ष्मी- गणेश की प्रतिमा और अन्य चीजों की भी बाजार में काफी मांग रहती है।धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस को ही भगवान धन्वंतरी का जन्म हुआ था। इसलिए धनतेरस को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। कहीं शास्त्रों में इसे धनंत्रादशी भी कहा जाता है। भगवान धनवंतरी को आयुर्वेद और औषधी का जनक भी कहा जाता है। धनतेरस पर भगवान यमराज के निमित्त दीपदान करने की भी परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि जो धनतेरस के दिन दीपदान करते हैं उन्हें अकाल मृत्यु का भय नहीं सताता है।

**धनतेरस पर बर्तन खरीदने का क्यों है महत्व** : ऐसा माना जाता है कि समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरी के हाथ में अमृत का कलश था। वे




समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इस कलश के लिए देवताओं और दानवों में भारी युद्ध हुआ था। देवता अमरत्व की प्राप्ति के लिए इस कलश को प्राप्त करना आवश्यक मान रहे थे। तभी से अमृत की प्राप्ति के महत्व के रूप में प्रतीक स्वरूप धन्वंतरी के जन्मदिवस धनतेरस को बर्तन खरीदने की परंपरा प्रारंभ हुई है। धनतेरस के अवसर पर बर्तनों की पूजा की जाती है और परिवार की बेहतर सेहत के लिए भगवान धन्वंतरी से प्रार्थना की जाती है।

# ओबरा विधानसभा सीट से जन सुराज प्रत्याशी सुधीर शर्मा 20 अक्टूबर को करेंगे नामांकन दाखिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के ओबरा विधानसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी सुधीर शर्मा 20 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दिन समर्थकों के साथ उनका शक्ति प्रदर्शन भी प्रस्तावित है।सूत्रों के अनुसार, सुधीर शर्मा सुबह जन सुराज कार्यालय से नामांकन जुलूस के रूप में प्रस्थान करेंगे। जुलूस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवाजन और समर्थक शामिल होंगे। यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचेगा, जहाँ वे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सुधीर शर्मा ने बताया कि ओबरा की जनता परिवर्तन चाहती है और जन सुराज पार्टी उस उम्मीद का प्रतीक बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और स्वच्छ




प्रशासन उनकी प्राथमिकता होगी। जन सुराज के स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी के जिला संयोजक और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। बताया गया कि नामांकन के बाद एक संक्षिप्त सभा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सुधीर शर्मा आगामी चुनावी रणनीति और अपने विज़न को साझा करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जन सुराज इस बार ओबरा सीट पर मजबूती से चुनाव मैदान में उतर रही है और जनता से सीधे संवाद की नीति पर काम कर रही है।

# घोसी विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ऋतुराज ने भरा नामांकन का पर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी ऋतुराज ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ अनुमंडल कार्यालय पहुंची और नारेबाजी के बीच अपने नेता का भव्य स्वागत किया। नामांकन पत्र दाखिला के बाद पत्रकारों से बातचीत में ऋतुराज ने कहा कि मैं घोसी की जनता के आशीर्वाद से चुनाव मैदान में उतरा हूं। अगर जनता ने मुझ पर भरोसा जताया, तो युवाओं के रोजगार, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए दिन-रात काम करूंगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में घोसी क्षेत्र में आई बाढ़ से कई सड़कों और तटबंधों को भारी नुकसान हुआ, जिनकी मरम्मत वर्षों से नहीं की



गई थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जनता ने उन्हें मौका दिया, तो एनडीए सरकार के सहयोग से बाढ़ समस्या के स्थायी समाधान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। ऋतुराज ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य घोसी विधानसभा को एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित करना है, जहां युवाओं को रोजगार और किसानों को स्थायी सहायता मिले। मैं घोसी की जनता से अपील करता हूं कि वे मुझे अपना आशीर्वाद दें। आपकी एक-एक वोट से घोसी का विकास सुनिश्चित होगा।नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। मौके पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, वहीं समर्थकों में अपार उत्साह देखने को मिला। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ऋतुराज के मैदान में उतरने से घोसी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

# जहानाबाद के चार रग्बी खिलाड़ियों को खेल सम्मान से किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने जिले का नाम रोशन किया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को कंकड़बाग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित सम्मान समारोह में जहानाबाद के चार रग्बी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और खेल सम्मान प्रदान किया गया। रग्बी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया उनमें — सलोनी कुमारी ( गोल्ड मेडल), अनीता कुमारी (गोल्ड मेडल), नंदनी कुमारी— सिल्वर मेडल (अंडर-15 वर्ग) तथा रविरंजन कुमार (गोल्ड मेडल) शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से आकाश स्पोर्टिंग क्लब, मोहनपुर का नाम पूरे बिहार में रौशन किया है।

बताया जाता है कि इन सभी खिलाड़ियों के सफलता के पीछे जिला रग्बी कोच अविनाश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन में जिले के कई खिलाड़ी निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जहानाबाद का नाम गर्व से ऊंचा कर रहे हैं। खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एसबीआई ने नोट एक्सचेंज मेले का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। दीपावली से पूर्व भारतीय स्टेट बैंक, जहानाबाद मुख्य शाखा द्वारा शहर के मुख्य बाजार (अरवल मोड़ के पास) नोट एक्सचेंज मेले का आयोजन किया गया। इस विशेष मेले में ग्राहकों ने पुराने, फटे और गंदे नोटों को नए नोटों से बदलने की सुविधा का लाभ उठाया। बैंक के इस पहल से ग्राहकों में उत्साह देखा गया, और मेले के स्टॉल पर लंबी कतारें लगी रही। मौके पर मौजूद ग्राहकों में मुकेश कुमार और कुमार राजेश ने बताया कि, बैंक की ओर से उठाया गया यह कदम अत्यंत सराहनीय है। पुराने और फटे नोटों के कारण अक्सर लोगों को दिक्कत होती थी, कई बार दुकानदारों से बहस की नौबत तक आ जाती है, लेकिन अब यह समस्या खत्म हो जाएगी।

इस अवसर पर शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री मनोज कुमार सहित अन्य बैंक कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रबंधक ने बताया कि, बैंक भविष्य में ऐसे और कैंप शहर के विभिन्न इलाकों में आयोजित करेगी, ताकि लोग आसानी से अपने पुराने नोटों को बदल सकें। बताया गया कि इस मेले में लगभग 200 लोगों ने भाग लिया और सुविधा का लाभ उठाया। दीपावली से पूर्व इस पहल को ग्राहकों ने सकारात्मक और जनहितकारी कदम बताते हुए भारतीय स्टेट बैंक की जमकर सराहना की।

# दीपावली, छठ एवं विधानसभा चुनाव को लेकर हसपुरा में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना परिसर में शुक्रवार को दीपावली, आस्था के महापर्व छठ पूजा तथा आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। इसमें प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष संजीत शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सभी पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से पूजा पंडाल, मूर्ति विसर्जन तथा ध्वनि यंत्र (लाउडस्पीकर/डीजे) के लिए विधिवत लाइसेंस लेना होगा। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पूजा की तैयारी चल रही है।



उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा तथा सभी पूजा स्थलों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल सरकारी नंबर पर देने की अपील की गई। पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छठ के अवसर पर आपत्तिजनक सामग्री या गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में लोजपा नेता विजय अकेला, सरपंच बखोरा खां, धनंजय घोष, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा, राजकुमार, अबरार अहमद, जयप्रकाश कुमार, प्रगति कुमार, श्याम किशोर यादव, मृतुंजय कुमार, मंडल यादव, चंदन कुशवाहा और बबन मेहता सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।

## देशी शराब व छह बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। हसपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस व उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया गया। इस दौरान कुल 31 लीटर देशी शराब और 350 एमएल की छह बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर करणविगहा गांव स्थित राहुल कुमार के घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही राहुल कुमार मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान उसके घर से 16 लीटर देशी शराब, दो गैस सिलेंडर और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। वहीं, आदर्शनगर मोहल्ला (हसपुरा बाजार) में भी छापेमारी की गई, जहां राहुल रजक को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 15 लीटर देशी शराब उत्पाद विभाग की टीम ने बरामद की।

# हत्या मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के बघैला थाना क्षेत्र अंतर्गत सियांवक गांव में 4 साल पूर्व हुए पुजारी कृष्ण बिहारी उपाध्याय उर्फ बिजली उपाध्याय के हत्या से जुड़े मामले में शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले में वशिष्ठ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह (पिता) एवं अजीत सिंह (पुत्र) दोनों निवासी सियांवक, बघैला को उक्त सजा सुनाई। मामले की प्राथमिकी 4 साल पूर्व बघैला थाना कांड संख्या 96/ 2021 में मृतक के पुत्र राजेश उपाध्याय ने दर्ज कराई थी। इस मामले के दो ट्रायल सत्रवाद संख्या 45/ 2024 एवं सत्रवाद संख्या 381/2024 दोनों पिता-पुत्र अभियुक्तों हेतु अलग-अलग चल रहा था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार उक्त घटना 4 साल पूर्व 11 दिसंबर 2021 को संध्या 4:30 बजे घटी थी जब मामले के सूचक राजेश उपाध्याय अपने पिता कृष्ण बिहारी उपाध्याय उर्फ बिजली उपाध्याय के साथ अपने घर से गांव के पूर्व महावीर मंदिर में दीपक जलाने जा रहे थे मंदिर के पास पहुंचते हीं दोनों अभियुक्त अपने अन्य सहयोगियों के साथ वहां पहुंच गए एवं सूचक एवं उनके पिता के साथ गाली-गलौज करने लगे और बोले की साले पुजारी तुम लोग राजनीति करते हो। इसी बात को लेकर सूचक के पिता ने जब अभियुक्त का विरोध करना शुरू किया उस समय अभियुक्तों ने सूचक के पिता को पकड़ कर उनके सिर में कट्टा सटाकर गोली मार दिया सूचक किसी तरह जान बचाकर गांव पहुंचा एवं अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी होने पर परिजन सूचक के साथ दौड़े-दौड़े महावीर मंदिर आए एवं खून से लथपथ कृष्ण बिहारी उपाध्याय उर्फ बिजली उपाध्याय को इलाज हेतु बिक्रमगंज स्थित करुणा अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से इस मामले में कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को भारतीय दंड विधान की धारा 302 एवं अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए अधिकतम आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## 207 चेनारी विधानसभा से आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार बने अमित पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** ग्रैंड डेमोक्रेटिक एलायंस के तहत बिहार में तीसरा फ्रंट बन गया है जिसमें आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद, एआइएमआइएम के मुखिया असदुदीन ओवैसी एवं अपनी जनता पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्या का मजबूत गठबंधन तैयार हो गया है जिसमें आजाद समाज पार्टी कांशीराम के उम्मीदवार के रूप में 207 चेनारी विधानसभा से अमित पासवान को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके लिए अमित पासवान ने चंद्रशेखर आजाद एवं बिहार के शीर्ष कमिटी का धन्यवाद दिया है। अमित पासवान ने बताया कि हमारा नामांकन 18 अक्टूबर को सासाराम में होने जा रहा है। इस बार चेनारी का मुकाबला दिलचस्प होगा।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं त्योहारों के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन की तैयारियों को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आवागमन व्यवस्था, प्रतीक्षालय, खानपान, पेयजल स्टैंड, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, फुटओवर ब्रिज, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, हेल्प डेस्क एवं दिव्यांगजन हेतु रैंप जैसी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 पर एक छोर से दूसरे छोर तक सभी सुविधाओं को देखा। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्देश दिए कि लगातार निगरानी के साथ यात्रियों हेतु सभी सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध रहे। पर्व काल के दौरान सुचारू आवागमन व सुविधा हेतु आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था व तैनाती की आवश्यकता हो तो की जाए। मुख्य सुविधाओं के अलावा यदि कोई छोटी-छोटी बातें हैं जो यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बना सकती है तो उन्हें शीघ्रता से क्रियान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन - जीवनाथपुर रेलखंड का निरीक्षण यान से दौरा कर पशु कटान संभावित स्थलों को देखा। पूर्णतः संरक्षित व अवरोधमुक्त रेल परिचालन सुनिश्चित रखने हेतु ऐसे स्थानों के निराकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए जिससे पशु रेलवे ट्रैक पर आ जाने के बजाय दूर ही रहें।

# 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** चेनारी थाना क्षेत्र में 1 साल पूर्व 14 वर्षीय किशोरी से हुए दुष्कर्म से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश छह सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम के न्यायालय ने मामले में अभियुक्त रामचंद्र राम निवासी डुईया, चेनारी को दोषी ठहराया है। मामले की प्राथमिकी 1 वर्ष पूर्व किशोरी की मां के द्वारा चेनारी थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले में अभियोजन पक्ष के तरफ से विशेष लोक अभियोजक जनक राज किशोरी ने बताया कि उक्त घटना 1 वर्ष पूर्व 18 जनवरी 2024 को चेनारी थाना क्षेत्र के डुईया गांव में सुबह 4:00 बजे घटी थी। किशोरी जब अपने घर से शौच के लिए बाहर जा रही थी तभी सड़क पर टेंपो से आए अभियुक्त रामचंद्र राम ने जबरन किशोरी को खींचकर टेंपो में बैठा लिया एवं वहां से सासाराम, मुगलसराय, पुणे आदि जगहों पर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते घटना के 10 दिन के बाद किशोरी को पुलिस के द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद कोर्ट ने अभियुक्त को पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषी ठहराया है। आगामी 30 अक्टूबर को कोर्ट इस मामले में सजा के बिंदु पर अपना फैसला सुनाएगी।

# लोजपा (आर) से राजीव रंजन कुमार ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/अकोढ़ीगोला।** डिहरी विधानसभा 212 से एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार राजीव रंजन कुमार ने शुक्रवार को अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन में समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सोनू सिंह ने चुनाव आयोग के नियमानुसार अनुमंडल कार्यालय में अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन करने के बाद सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मतदाता मालिकों से आशीर्वाद मांगा। जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के



नारे लगा रहे थे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह व अन्य साथी उनके कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। लोगों ने नामांकन की भीड़ को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश व क्षेत्रवासियों में उत्साह को देखकर उनकी ऊर्जा और बढ़ गयी है। वहीं राजीव रंजन कुमार ने कहा कि जिस तरह देश का विकास हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में चहुंमुखी विकास हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे हैं। उसी प्रकार हमारे पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान भी बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का विजन को लेकर निरंतर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कदम से कदम मिलाकर चलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर संभव क्षेत्र को पुनः विकास की मुख्य धारा में लाकर क्षेत्र की जनसमस्या को वे दूर करेंगे। इसके लिए उन्हें जो कुछ करना होगा, कदम पीछे नहीं खिंचेंगे। इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब से उनका नामांकन का काफिला निकला। अनुमंडल कार्यालय से नामांकन कर जब वे बाहर निकले तो कार्यकर्ताओं का उत्साह छलक पड़ा। समर्थक पूरा रास्ता फूलों की वर्षा करते रहे। बताते चलें कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के पांचवें दिन तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया जिनमें लोजपा (रामविलास) से राजीव रंजन कुमार, जन सुराज से प्रदीप ललन सिंह व निर्दलीय रंजन कुमार शामिल है। गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक ज्योति रश्मि ने पर्चा दाखिल किया था। शुक्रवार को तीन अभ्यर्थियों का एनआर काटा गया जिनमें सुनीता कुमारी जक्की बीघा, मिथिलेश कुमार तिवारी न्यू सिंधौली तथा इंद्राज रोशन शामिल है।

## श्री अरविंद एकेडमी में दीवाली पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर के सम्बिका नगर न्यू डिलियां स्थित श्री अरविंद एकेडमी में दिवाली की पूर्व संध्या पर विद्यालय के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने पारम्परिक रंगोली के अतिरिक्त अलग-अलग विषयों पर भी रंगोली बनाकर शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया जिसमें ऑपरेशन सिंदूर, अहमदाबाद प्लेन क्रैश, गणेश लक्ष्मी जी मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बने। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद भारती ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता हर वर्ष बच्चों के बीच कराई जाती है। ताकि बच्चों की प्रतिभा में निखार आये और पढ़ाई करने में मन लगे। इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों के मानसिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यालय के अभिभावकों ने इसकी खूब सराहना की और कहा कि इस तरह




की प्रतियोगिता बच्चों के मानसिक विकास में सहायक है। अव्वल आने वाले छात्रों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों और बच्चों को धन्यवाद दिया।

## विद्यार्थियों को 120 घंटे की इंटर्नशिप अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाबा गणिनाथ महाविद्यालय डिहरी ऑन-सोन जमुहार में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के द्वारा इंटर्नशिप के कार्यालय का आयोजन किया गया जिसमें यूजीसी सेमेस्टर 5 के पांचवें इंटर्नशिप के सफल संचालन करने के लिए प्रभारी प्राचार्य डॉ अखिलेश कुमार सिंह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा एवं मार्गदर्शन पर्यवेक्षण प्रो. आनंद कुमार के द्वारा मीटिंग हॉल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य चर्चा की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को प्रत्येक विद्यार्थियों को 120 घंटे का अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप करना है। इसकी जानकारी सभी विभाग अध्यक्ष सभी विषयों के शिक्षकों को कराने हेतु जानकारी दी गई। बैठक में प्रो. श्रीकान्त प्रसाद, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. शिव शंकर साह, प्रो. नन्द किशोर सिंह, प्रो. लक्ष्मी शर्मा, प्रो. अनिता कुमारी, प्रो. राखी कुमार, प्रो. संजय शर्मा, प्रो. मनोहर कुमार, प्रो. माया कुमारी, प्रो. अनिल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रसव पूर्व एवं संस्थागत प्रसव में सुधार लाने का निर्देश

### डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के मां मुंडेश्वरी सभागार में आयोजित की गई जिसमें डीडीसी सहित सिविल सर्जन कैमूर एवं जिला व प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में भव्या पोर्टल, प्रसव पूर्व जांच, एमएसएएच, संस्थागत प्रसव, रेफरल इकाई सहित टीबी और एनसीडी स्क्रीनिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रसव पूर्व एवं संस्थागत प्रसव में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां को रेफरल इकाई के रूप में सुदृढ़ीकरण की बात कही गई।

उक्त बैठक में टेलीमेडिसिन की समीक्षा के क्रम में न्यून उपलब्धि वाले 4 डॉक्टर को जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण किया गया जिसमें डॉक्टर शीतेष कुमार, डॉ संगीता सिन्हा, डॉ कुमार रविशंकर और डॉ अनु कुमारी शामिल हैं। कुपोषित बच्चों को चिन्हित करते हुए एनआरसी भर्ती कराने को लेकर सभी प्रखंड को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर बेरकप गांव में छापेमारी कर 45 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को धर दबोचा। वहीं परिवहन में लाये जाने वाले हीरो स्पलेंडर बाइक को भी जब्त किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे इसके लिए निरंतर छापेमारी व कार्रवाई की जा रही है जहां अवैध कार्यबारियों में खौफ पैदा हो सके। इसी दौरान गुरुवार की रात गुप्त सूचना मिली कि बेरकप गांव का रहने वाला रमेश साह का पुत्र रवि रंजन प्रसाद अपने बाइक से देशी महुआ शराब की खेप लेकर जा रहा है।

## आरपीएफ डिहरी ने यात्री के छूटे मोबाइल को लौटाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ आरक्षी रवि रंजन कुमार सिंह अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में रात्रि गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान यात्री प्रतीक्षालय के चार्जिंग पॉइंट पर एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल चार्ज में लगा हुआ पाए जिसके संबंध में पूछने पर वहां आसपास उपस्थित यात्रियों में से किसी ने भी उक्त मोबाइल को अपना होना नहीं बताया। बाद में उक्त मोबाइल के साथ चार्जर को लेकर आसपास के यात्रियों को सूचित करते रेसुब आउट पोस्ट अनुग्रह नारायण रोड पर सुरक्षित रखा गया। कुछ समय पश्चात उक्त मोबाइल के स्वामी रेसुब आउट पोस्ट अनुग्रह नारायण रोड आए एवं बताए कि हम अपना ओप्पो कंपनी का मोबाइल चार्ज में लगाकर बाहर में सो गए थे और अपना नाम अनुज कुमार, पिता सुरेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम मझियावा, थाना-ओबरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) बताया तथा उक्त मोबाइल खरीद की रसीद दिखाएं जिससे स्पष्ट हुआ कि उक्त मोबाइल उसी का है। बाद में उक्त व्यक्ति को मोबाइल दिखाने पर अपना मोबाइल पहचान करते हुए सही सलामत पाए। बाद में उचित पहचान व सत्यापन करने के उपरांत उक्त ओप्पो कंपनी के मोबाइल एवं चार्जर को सही सलामत यात्री अनुज कुमार को सुपुर्द किया गया।

## बीएसपी ने भभुआ विधानसभा(क्षेत्र 205) से विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को दिया सिंबल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ से बहुजन समाज पार्टी ने भभुआ विधानसभा (205) सीट पर अपना उम्मीदवार बसपा प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को सिंबल देकर उम्मीदवार बनाया। लल्लू पटेल ने बताया कि 17 अक्टूबर को भभुआ अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दर्ज कराएंगे नामांकन के बाद भभुआ जगजीवन मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों हजार की संख्या में समर्थक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार भभुआ की लड़ाई विकास और संघर्ष की होगी इस चुनाव में जात-पात से ऊपर उठकर मुझे आशीर्वाद दें। सभी तमाम माताओं, बहनों, बुजुर्ग, भाई, नौजवानों से आग्रह है नामांकन में भाग लेकर अपना भाई पर आशीर्वाद बनाए रखें।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 143, TEGHRA
Name of the Candidate:- SHRI RAJNISH KUMAR

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 323, 341, 386, 504 of IPC | U/S 341, 323, 285, 325, 504, 34 of IPC |
| | b | Case no. | Complaint Case no. 814/2009 | Begusarai Town PS Case no. 959/2022 |
| | c | Name of the Court | Sri Sitesh Kr. Incharge 1st Class JM Teghara | Sub Judge I Cum ACJM I, Begusarai |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | NOTHING | NOTHING |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well-known social worker having very good reputation in the society. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 93, Kurhani
Name of the Candidate:- Shri Kedar Prasad Gupta

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 147, 341, 323, 504 IPC 3(i)(x) SC/ST Act | 188 IPC 136 RP Act |
| | b | Case no. | सदर थाना, मुजफ्फरपुर कांड सं.–05/2014 | नगर थाना, मुजफ्फरपुर कांड सं.–797/15 |
| | c | Name of the Court | नामीता सिंह, A.D.J. III T.R. No.-116/18 SC/ST (POA) G.R.N.-21/14 | श्री अजीत कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी G.R.N.-5436/15 |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Not required | Not required |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well-known social worker having very good reputation in the society. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# प्रमण्डलीय आयुक्त ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

## विभिन्न चेकपोस्टों की सतत निगरानी करने का दिया निर्देश, की विभिन्न कोषांगों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले के निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक में आयुक्त ने जिले में चल रही निर्वाचन तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने वाहन कोषांग में संचिका प्रबंधन, ईवीएम मूवमेंट तथा मतगणना की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अंतर्जिला चेकपोस्ट के साथ-साथ जिले के अंदर स्थापित विभिन्न चेकपोस्टों पर सतत निगरानी एवं गहन जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएँ। मौके पर आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में स्वीप कोषांग द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर अवनीश कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला ने सेल्फी प्वाइंट पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया और उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे आगामी 6 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।निर्वाचन तैयारियों के क्रम में आयुक्त द्वारा 144 मटिहानी एवं 146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के लिए जीडी कलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मतदान के उपरांत जमा होने वाले ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, स्टोरेज प्रक्रिया एवं मतगणना स्थल की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## डीआईजी ने चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने पुलिस कार्यालय खगड़िया में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खगड़िया एवं जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एवं चुनाव में लगे अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती ने सभी पदाधिकारियों से चुनाव तैयारी के बारे में जानकारी ली। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने विशेषकर सीएपीएफ का प्री पोल डुटीज में प्रभावी उपयोग करने (फ्लैग मार्च, चेकिंग अभियान, रेड, गिरफ्तारी इत्यादि हेतु), सभी बूथ की संवेदनशीलता का आकलन कर प्रभावी पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की बात कही। चेक नाका को 24 घंटे कार्यरत करने तथा प्रभावी तरीके से क्रियाशील बनाने, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने (बॉन्ड भरवाने, सीसीए, थानाबदर जिलाबदर इत्यादि) तथा निगरानी रखने, अपराधियों की गिरफ्तारी करने, आग्नेयास्त्र, शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं की बरामद्गी करने तथा उक्त अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी करने, सोशल मीडिया की मनिटरिंग करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त त्रुटिरहित चुनाव प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त खगड़िया जिला के पसराहा थाना तथा मुफस्सिल थाना एवं बेगूसराय जिला के साहेबपुर कमाल थाना स्थित अंतरजिला चेकपोस्ट का निरीक्षण भी किया। प्रभावी चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा



### निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव होगा सम्पन्न : डीएम

**बेगूसराय।** जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से कुल 1 करोड़ 82 लाख 27 हजार 659 रुपये की एजेंसी जब्ती तथा 50 लाख 29 हजार 214 रुपये की इंटरसेप्टेड जब्ती की गई है। इस प्रकार, जिले में 2 करोड़ 32 लाख 56 हजार 873 रुपये की जब्ती की गई है। 141- चेरिया बरियारपुर में 19.03 लाख की एजेंसी जब्ती तथा 2.86 लाख की इंटरसेप्टेड जब्ती, 142-बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 34.83 लाख की एजेंसी जब्ती, 143- तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में 11.92 लाख की एजेंसी जब्ती और 6.41 लाख की इंटरसेप्टेड जब्ती, 144- मटिहानी विधानसभा में 17.60 लाख की एजेंसी जब्ती और 35.96 लाख की इंटरसेप्टेड जब्ती, 145- साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र में 56.23 लाख की एजेंसी जब्ती, 146- बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 40.43 लाख की एजेंसी जब्ती और 1.85 लाख की इंटरसेप्टेड जब्ती, 147- बखरी विधानसभा क्षेत्र में 2.11 लाख की एजेंसी जब्ती और 3.20 लाख की इंटरसेप्टेड जब्ती की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता के सख्त अनुपालन और मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से मुक्त रखने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि अवैध धन, शराब, उपहार सामग्री या अन्य प्रलोभनों के वितरण पर सतत निगरानी रखें और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## डीएम और एसपी पर कोर्ट ने लगाया अवमानना का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले की अदालत ने प्रशासनिक अधिकारियों पर सख्ती दिखाते हुए अवमानना की संभावित कार्यवाही शुरू करने का संकेत दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश-3 ब्रजेश कुमार सिंह की अदालत ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को निर्देश दिया है कि वे अदालत के आदेश के अनुपालन में देरी या लापरवाही पर अपना लिखित जवाब 15 दिनों के भीतर दाखिल करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि दोनों अधिकारी निर्धारित अवधि में जवाब दाखिल नहीं करते हैं तो इसे उनकी असंवेदनशीलता और अनिच्छा माना जाएगा और ऐसे में अदालत की रिपोर्ट व फाइलें पटना उच्च न्यायालय को भेज दी जाएंगी ताकि वहां कन्टेम्प्ट प्रोसिडिंग शुरू की जा सके। यह आदेश एक्सक्यूसन केस नंबर -1-2024 से जुड़ा है। यह एक्सक्यूसन केस मनीष कुमार जो भगवानपुर थाना के हंडालपुर निवासी ने दाखिल किया है। दरअसल मनीष कुमार के पिता गणेश सहनी की मौत पुलिस की गाड़ी एक्सीडेंट में हो गयी थी। मनीष ने न्यायालय में क्लेम केस दाखिल किया था। न्यायालय ने उस क्लेम केस में 11 लाख 61 हजार 318 रुपये मुआवजा का आदेश पारित किया था। क्लेम केस में न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए मनीष ने एक्सक्यूसन केस दाखिल किया। जिसकी सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के मामले को टालने की प्रवृति से तंग आकर आज सख्त आदेश पारित किया है। अदालत ने इस पर गंभीर रूख अपनाते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना न्याय की मर्यादा के विपरीत है। न्यायालय ने कहा कि यदि अधिकारी 15 दिनों में जवाब दाखिल नहीं करते हैं। तो यह माना जाएगा कि उन्हें अपनी प्रतिक्रिया देने में कोई रूचि नहीं है। उनके जवाब के बिना ही संबंधित दस्तावेज पटना उच्च न्यायालय भेजे जाएंगे। अदालत ने इस मामले को 30 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया है। उस दिन एसपी और डीएम के जवाब प्राप्त किए जाएंगे और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह आदेश प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। न्यायालय का यह रूख इस बात को रेखांकित करता है कि सरकारी अधिकारियों को अदालत के आदेशों का पालन करने में देरी या लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

## जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर अवनीश कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सेल्फी प्वाइंट पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। मतदाताओं से अपील की कि वे 6 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मताधिकार का सर्वाधिक महत्व है। इसका प्रयोग करते हुए लोकतंत्र में हम सबको अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके साथ ही जिले में आईसीडीएस कार्यालय द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बलिया, तेघड़ा और छौड़ाही सहित अन्य प्रखंडों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इसके साथ ही सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। रैली के दौरान मतदाता जागरूकता हेतु नारा लगाया गया और मेहंदी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**नावकोठी।** रचना महिला जीविका ग्राम संगठन नावकोठी, बादल महिला जीविका ग्राम संगठन डफरपुर की जीविका दीदियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। दीदियों ने मतदान संबंधित स्लोगन बोलकर मतदाताओं को जागरूक किया। साथ ही अपने अपने पोषक क्षेत्र में छोड़ छाड़ कर अपने काम, पहले चलों करो मतदान, जो बांटे साड़ी, दारू मुर्गी और नोट, उसको हम कभी न देगें अपना वोट, जीविका दीदियों का एक आह्वान, सभी मिलकर करें मतदान आदि स्लोगन के साथ मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सीएलएफ पर शपथग्रह्ा समारोह का भी आयोजन किया गया। लोकतंत्र में आस्था रखते हुए स्वयं तथा अपने आसपास के मतदाताओं से मतदान करने के लिए प्रेरित कर मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग कराने की शपथ ली। मौके पर सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, रोहित कुमार, दुलारचंद राम, रंजू कुमारी, संगीता कुमारी, निर्मला कुमारी, काजल कुमारी, सुशीला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बड़हरा से राजद प्रत्याशी रामबाबू सिंह ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए आज भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह ने नामांकन दाखिल किया। अंतिम दिन होने की वजह और भीड़ की वजह से हालांकि उन्होंने बड़े ही सादगी और करीबियों के संग ही नामांकन के लिए पहुंचे। समर्थको ने ढोल नगाड़े के साथ उनके आने का प्रतीक्षा किया और फिर झंडे-बैनर और फूल-मालाओं के साथ लालू यादव जिंदाबाद तेजस्वी यादव जिंदाबाद, और चुपचाप लालटेन छाप जैसे नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान किया। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए रामबाबू सिंह ने कहा कि यह नामांकन सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि बड़हरा की जनता की उम्मीदों और विश्वास का नामांकन है।

## चाकू मार कर जख्मी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छेड़खानी का विरोध करने पर चाकू मार कर जख्मी कर देने के मामले में लहसुना पुलिस ने भलुआ गांव से आरोपी विवेक कुमार पिता वीरंची पासवान को उसके घर से गिरफ्तार किया है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि यह मामला 19,11. 2022 को है जहां पर पीड़ित गोपाल चौधरी ने थाने में आवेदन दिया था की शाम को हमारे पति घर में बर्तन धो रही थी उसी समम घर में घुसकर हमारी बच्ची के साथ बुरी नीयत से छेड़खानी कर रहा था, जिसका जब विरोध किया तो वह कमर से चाकू निकालकर कई जगहों पर वार करके जख्मी कर दिया था, घटना के बाद अत्यंत गंभीर अवस्था में पीएमसीएच रेफर किया गया था, इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस पूरे मामले में विवेक कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसके बाद वह फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers,social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 172 - BIHARSHARIF
Name of the Candidate:- DR. SUNIL KUMAR

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 147, 149, 341, 336, 427, 435, 353, 504, 120B IPC & 27 Arms Act | u/s 447, 353, 147, 148, 149 IPC | U/S 147, 148, 149, 307, 435, 153(A), 337, 427, 188, 120B IPC & 27 Arms Act | U/S 147, 148, 149, 307, 336, 353, 155(A), 505(1-B) IPC & 27 Arms Act | u/s 420 IPC | u/s 420, 120B IPC |
| | b | Case no. | Biharsharif PS Case no. 442/2000 | Biharsharif PS Case no. 433/2000 | Lahariya PS Case no. 157/2000 | Biharsharif PS Case no. 440/2000 | Complaint Case No. 2306 (C)/2008 | Complaint Case No. 1407(C)/2009 |
| | c | Name of the Court | Akancha Anand, J.M., Nalanda | Sushree Pallavi Versha, J.M., Nalanda | ADJ III Cum Special Judge, MLA/MP Court, Nalanda | ADJ-III, Special Judge, MLA/MP, Nalanda | ACJM IV, PATNA | ACJM XIV, PATNA |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No | Yes | Yes | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is medical graduate and passed MBBS from NMCH, Patna and used to practice medical profession. He is a sitting MLA form this constituency and is known for his social activity and organizes medical awareness camp in his constituency. He is very popular in his constituency and due to the reason that he is helping the poor and under privileged persons, therefore due to political reasons he has been implicated in number of false cases. | | | | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | As the cases are trivial in nature and he is a highly educated and professional candidate, has been considered over others. | | | | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 89, Aurai
Name of the Candidate:- Rama Nishad

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/s 406, 420, 467, 468, 120B, 34 IPC | U/s 188, 171 F IPC |
| | b | Case no. | Hajipur PS case no. 903/14 | Muzaffarpur Sadar PS case no. 265/14 |
| | c | Name of the Court | ACJM XIII, Vaishali | Smt. Amritansha, JM, Muzaffarpur |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes | Yes |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | She is well known social worker having very good reputation in the society. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | In view of her selfless works for the society, the party has preferred her as its candidates. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# पांचवें दिन 11 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

## कांग्रेस से आनंद शंकर, जदयू से प्रमोद कुमार सिंह एवं चेतन आनंद, लोजपा (रा) से प्रकाश चंद्रा एवं बसपा से शक्ति मिश्रा ने भरा नामांकन पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के क्रम में औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पांचवें दिन भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रही। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि के पूर्व तक संभावित प्रत्याशियों द्वारा उत्साहपूर्वक नामांकन दाखिल किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में सभी अनुमंडल कार्यालयों एवं नामांकन स्थलों पर निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नामांकन स्थल पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं मीडिया के संचालन हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समुचित प्रबंध किए गए। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि औरंगाबाद जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में कुल 11 नामांकन पत्र दायर किए गए। औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से आनंद शंकर, बहुजन समाज पार्टी से शक्ति मिश्रा एवं आरयूपीपी (कम्युनिस्ट) से प्रयाग पासवान ने नामांकन पत्र दायर किया। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया से अनिल राम, जनता दल यूनाइटेड से चेतन आनंद ने नामांकन पत्र दाखिल किया। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड से प्रमोद कुमार सिंह, अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक क्रांतिकारी से महेश्वर पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं ओबरा विधानसभा क्षेत्र से लोजपा (रामविलास) से प्रकाश चंद्रा, अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक क्रांतिकारी से धर्मेंद्र कुमार, स्वराज पार्टी से सोम प्रकाश एवं जागरूक जनता पार्टी से धर्मेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन से संबंधित समस्त अभिलेखों का विधिवत परीक्षण किया गया तथा नामांकन प्राप्ति की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को दी गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों से अपील की कि वे आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा शांतिपूर्ण वातावरण में लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाएं। नामांकन कार्य के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जिला पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की उपस्थिति में नामांकन स्थल पर अनुशासन एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में रही। निर्वाचन से संबंधित सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी की जा रही है तथा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रतिदिन की रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रेषित की जा रही है। आगामी दिनों में नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी तथा प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया भी निर्धारित तिथि के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।


आनंद शंकर सिंह (कांग्रेस), औरंगाबाद


प्रमोद कुमार सिंह (जदयू), रफीगंज


चेतन आनंद (जदयू), नवीनगर


शक्ति मिश्रा (बसपा), औरंगाबाद


प्रकाश चन्द्रा (लोजपा आर), ओबरा

# धनतेरस पर योद्धा ऑटोमोबाइल्स में 150 रॉयल एनफील्ड बिक्री का लक्ष्य

## जीएसटी कम होने से ग्राहकों में दिख रहा उत्साह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर औरंगाबाद शहर के बाइपास समीप स्थित योद्धा ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि. बुलेट शोरूम में ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। कंपनी ने इस त्योहारी सीजन में 150 रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिलों की बिक्री का लक्ष्य रखा है। जीएसटी घटने से शोरूम में खरीदारी के लिए ग्राहकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। वे अपने जीवन को यादगार बनाने हेतु शोरूम में पहुंचकर गाड़ी खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों से ग्राहक एजेंसी खुलने के पहले आकर इंतजार करते दिख रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि धनतेरस के दिन नई गाड़ी खरीदना शुभ माना जाता है। एजेंसी के प्रबंधक संतोष रंजन के अनुसार सभी मॉडल क्लासिक, बुलेट, मीटिओर, हंटर और हिमालयन सीरीज की गाड़ियां शोरूम में उपलब्ध हैं। ग्राहक अपनी पसंद एवं सुविधानुसार नकद या फाइनेंस करवाकर चमचमाती गाड़ियां अपने साथ ले जा सकते हैं। त्योहार के मौके पर हम विशेष ऑफर और आसान किस्त सुविधा भी दे रहे हैं।

# बीआरबीसीएल में 'रंग तरंग' थिएटर कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में दस दिवसीय थिएटर कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। समापन समारोह 'रंग तरंग' में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीआरबीसीएल के नए कर्मचारियों, टाउनशिप की महिलाओं और बच्चों ने अपनी शानदार नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे सभागार में तालियों की गूंज रही। मुख्य अतिथि श्री देहुरी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ कर्मचारियों और परिवारजनों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। थिएटर जैसी गतिविधियाँ संगठन के भीतर सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि बीआरबीसीएल सदैव इस तरह की सृजनात्मक पहल का समर्थन करता रहेगा। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अभिनय कला, संवाद-प्रस्तुति, भाव-भंगिमा, मंचीय अनुशासन और समूह समन्वय के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया। नाट्य प्रशिक्षकों ने बताया कि थिएटर केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त जरिया है।

# भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह का नामांकन आज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।**



औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से आज शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कई राज्यसभा सांसद, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह समेत विभिन्न सहयोगी दलों के नेतागण उपस्थित रहेंगे। नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा अनुग्रह नारायण सिन्हा मेमोरियल महाविद्यालय के मैदान में एक महती सभा का आयोजन किया गया है जहां सभी नेता उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओ को संबोधित करेंगे।

# विकास के लिए एनडीए सरकार संकल्पित : श्रवण

## एनडीए समर्थित उम्मीदवार प्रमोद सिंह के पक्ष में मंत्री श्रवण कुमार ने मांगा वोट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रफीगंज/मदनपुर।** बिहार के 12 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां और रोजगार मिला है। आगे भी युवाओं के हित में बेहतर कार्य के लिए एनडीए सरकार संकल्पित है। यह बात ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मदनपुर खेल मैदान में रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से जदयू व एनडीए समर्थित उम्मीदवार प्रमोद सिंह के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से जनता की सेवा कर रहा हूं। राज्य के 75 हजार महिलाओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10-10 हज़ार रूपये रोजगार के लिए देने का काम किया है। 44 हजार महिलाओं को शिक्षक के पद पर बहाल किया गया है। 2008 में मुख्यमंत्री बालिका पोषाक योजना एवं साइकल योजना के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ देकर शिक्षा के प्रति बढ़ावा दिया गया। जीविका दीदियों को रोजगार से जोड़ा गया, आशा कर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, शिक्षकों, टोला सेवकों, विकास मित्रों सहित अन्य सभी सरकारी कार्य में लगे लोगों के वेतन में वृद्धि की गयी है। 125 यूनिट बिजली फ्री प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले राज्य में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था। जब से एनडीए की सरकार बनी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हुए तब से हर क्षेत्र में विकास हुआ है। उन्होंने प्रमोद सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ मजबूत करने करें। आमसभा की अध्यक्षता दीनानाथ विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर एमएलसी दिलीप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रंजीत सिंह चंद्रवंशी, भाजपा नेता विनय यादव, जदयू नेता शिवपूजन यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज पाठक, विधान सभा प्रभारी अमरेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# गया पॉलिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य जी.पी. अम्बष्ट का निधन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गया पॉलिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य गया प्रसाद अम्बष्ट (88 वर्ष) का कोटा (राजस्थान) के एक निजी अस्पताल में आज निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। वे औरंगाबाद प्रखंड के रामचंद्रनगर (बतवां) के निवासी थे। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में इनका विशिष्ट योगदान रहा और इनके कई छात्र देश में ऊंचे पदों पर हैं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। इनके परिवार में पत्नी कुसुम अम्बष्ट, पुत्र प्रवीण कुमार (एयरफोर्स के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी), तरुण कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, इंडियन ऑयल), बॉबी सिन्हा (महाप्रबंधक, इंडियन ऑयल), पुत्री अंजू सिन्हा, दामाद शैलेश सिन्हा (कोटा के वरीय प्राध्यापक) हैं। इनके निधन पर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की औरंगाबाद इकाई ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर, अजय वर्मा, अजय श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा कि शिक्षा तथा सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भी पूर्व प्राचार्य जीपी अम्बष्ट के निधन पर शोक जताया है।

# मतदाताओं को जागरूक कर दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 को लेकर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के कम वीटीआर क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय, इंदरार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऌमतदान हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक भी है। चौपाल में ग्रामीणों ने मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों पर अपनी बातें रखीं। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई, जिसमें उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे आगामी 11 नवंबर 2025 को अवश्य मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकतंत्र की सच्ची पहचान– सबका वोट, सबका सम्मान। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। औरंगाबाद है तैयार-11/11 को वोट करेंगे सब इस बार।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269























